दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। रविवार 01 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 338 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : 3


## संभल हिंसा के मृतकों के परिवार को सपा देगी 5-5 लाख का मुआवजा





**लखनऊ।** संभल में हिंसा के बाद जिले में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने शनिवार को बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध को 10 दिसंबर तक बढ़ा दिया। यह विस्तार उस दिन किया गया, जब समाजवादी पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शाही जामा मस्जिद के कोर्ट द्वारा आदेशित सर्वे को लेकर भड़की हिंसा के बारे में जानकारी जुटाने के लिए संभल का दौरा करने वाला था।

इस बीच अब समाजवादी पार्टी ने बड़ा फैसला किया है। समाजवादी पार्टी की तरफ से संभल हिंसा के दौरान मारे गए मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया गया है। साथ ही यूपी सरकार से भी 25-25 लाख का मुआवजा देने की मांग की गई है। सपा की तरफ से ऑफिशिल एक्स हैंडल पर बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा गया, संभल में हुई हिंसा में बीजेपी सरकार और प्रशासन की नाकामी से अपनी जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को समाजवादी पार्टी 5- 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। यूपी सरकार मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा दे।

बता दें कि 19 नवंबर से ही संभल में तनाव की स्थिति बनी हुई थी, जब अदालत ने मुगलकालीन मस्जिद का सर्वे करने का आदेश दिया था। यह दावा किया गया था कि इस स्थल पर पहले हरिहर मंदिर था। 24 नवंबर को दूसरे सर्वे के दौरान हिंसा भड़क उठी, जब प्रदर्शनकारी मस्जिद के पास एकत्र हुए और सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए, जिसके बाद पथराव और आगजनी हुई।

झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के आरोपों से इनकार किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने तब से संभल ट्रायल कोर्ट को मामले की कार्यवाही और उसके सर्वेक्षण को रोकने का आदेश दिया है। पेंसिया ने आगे कहा, अगर कोई सोशल मीडिया पर किसी भी ग्रुप पर अफवाह फैलाने की कोशिश करता है, तो ग्रुप एडमिन पोस्ट को डिलीट कर देगा और तुरंत पुलिस को सूचित करेगा। साइबर कैफे आगंतुकों के नाम दर्ज करने के लिए एक रजिस्टर रखेंगे। संभल में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर पुतला नहीं जलाएगा।

### बीजेपी ने साधा निशाना

बीजेपी ने सपा के मुआवजे के ऐलान पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि संभल में हरिहर मंदिर और जामा मस्जिद के बीच विवाद में हुई हिंसा में मारे गए लोगों की समाजवादी पार्टी ने 5/5 लाख आर्थिक मदद का ऐलान किया है। इससे यह साफ हो गया है कि जो हिंसा करेगा, पुलिस पर पत्थर चलाएगा, दंगा करेगा समाजवादी पार्टी उसके साथ खड़ी है। जिस तरह से कश्मीर में पत्थरबाजों को पैसा दिया जाता था, उसी तरह से उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी माहौल खराब करना चाहती है और अब यह स्पष्ट है कि संभल के हिंसा में समाजवादी पार्टी शामिल थी।

## संभल जा रहे सपा नेताओं को यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर पर रोका गया

## सपा नेता बोले, पुलिस-प्रशासन ठीक नहीं कर रहा है





पुलिस रही बड़ी संख्या में तैनात

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** संभल में हुई हिंसा के बाद अब वहां नेताओं का आना-जाना शुरू हो गया है। शनिवार को समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक, सांसद जिया उर्र रहमान बर्क, सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और इकरा हसन को रोक दिया गया है। वैसे सभी नेताओं का दल संभल जाने पर अड़ा हुआ था लेकिन दिल्ली बॉर्डर पार करते ही यूपी-गेट गाजीपुर पर पुलिस ने सभी को रोक लिया। इस दौरान सपा नेता संभल जाने के लिए अड़े रहे, पर पुलिस-प्रशासन ने उनकी नहीं सुनी। इस दौरान सपा नेताओं ने पुलिस-प्रशासन को चेतावनी दी और कहा कि जिस प्रकार नेताओं को रोका गया वो ठीक नहीं है ।

### संभल में 10 दिसंबर तक बाहरी नेताओं के आने पर रोक

करंट क्राइम : संभल में हिंसा फैली तो वहां का प्रशासन अलर्ट हो गया था। संभाल के जिलाधिकारी ने 10 दिसंबर तक भारतीय न्याय संहिता की नई धारा 163 लागू कर दी है। जिसके तहत किसी भी बाहरी नेता व्यक्ति को 10 दिसंबर तक संभल में प्रवेश की अनुमति नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने आशंका जाहिर की है कि बाहरी लोग और नेता आएंगे तो यहां का माहौल बिगाड़ सकता है। साथ ही राजनीतिक हवा भी इस पूरे प्रकरण को प्रभावित कर सकती है।



### सुबह से ही पुलिस हो गई थी अलर्ट, वाहनों पर थी नजर

करंट क्राइम : दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर पर सपा नेता मोहिबुल उड़द नदवी और नेताओं के दल को पुलिस ने रोक लिया। सपा के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक, सांसद जिया उर्र रहमान बर्क, सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और इकरा हसन को रोक दिया गया है। सपा का दल संभल जाने पर अड़ा रहा। हाईवे पर पुलिस सख्ती से चेकिंग के बाद ही गाड़ियों को निकलने दे रही थी। हापुड़ में संभल जा रही कैराना सांसद इकरा हसन को पुलिस अधिकारियों ने समझा कर टोल प्लाजा से वापस भेजा। सपा नेताओं के आने की सूचना पर सुबह से ही यूपी गेट-गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस और लोकल इंटेलीजेंस के कर्मचारी तैनात कर दिए गए थे।







### सांसद हरेंद्र मलिक ने बोला सरकार माहौल खराब कर रही है

करंट क्राइम : दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि हमें रोक लिया गया है और कह रहे हैं कि अधिकारी हमसे बात करेंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार, संसद सदस्य को भारत सरकार के कैबिनेट सचिव से ऊपर माना जाना चाहिए। दुर्भाग्य से, हमें एसीपी से बातचीत करने से रोक दिया गया है। हम एसीपी के आने का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा है कि सरकार खुद माहौल खराब कर रही है और आरोप विपक्ष पर लगाया जा रहा है।

## कम नहीं हो रहा वायु प्रदूषण का स्तर

## इंदिरापुरम की हवा रही सबसे प्रदूषित



वायुमंडल में लगातार बढ़ रहे हैं धूल के महीन कण


**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति कम होने का नाम नहीं ले रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जहां स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी गई थी तो वहीं सरकारी और निगम के अधीन कार्यालयों में समय परिवर्तित कर दिया गया है। बावजूद उसके भी कोई असर नहीं पड़ा है। उधर नगर निगम, नगर पालिका और लोकल एजेंसी सड़कों पर छिड़काव, धूल करने वाले कारकों पर कार्रवाई करने के साथ ही कृत्रिम बारिश वाहनों से करवा रहे हैं लेकिन वायु प्रदूषण का स्तर नहीं सुधर रहा है। शनिवार को गाजियाबाद में इंदिरापुरम का वायु प्रदूषण का स्तर दिल्ली-एनसीआर में बेहद गंभीर स्थिति में रहा। तो वहीं गाजियाबाद के वायु प्रदूषण की स्थिति भी कंट्रोल में नहीं है। गाजियाबाद का वायु प्रदूषण लगातार रेड और ऑरेंज जोन में बना हुआ है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ने से वायुमंडल में धूल के महीन कणों की मात्रा बढ़ रही है। जिससे लोगों को सांस लेने और आंखों में जलन की शिकायत आ रही है।

### तेज हवा और बारिश से की मिलेगी प्रदूषण से राहत

करंट क्राइम : दिल्ली-एनसीआर में दीपावली की बात से वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद घातक बनी हुई है और क्वालिटी इंडेक्स लगातार रेड जोन में चल रहा है। तो वही मौसम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी बता रहे हैं कि जब तक हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक नहीं चलेगी या बारिश के साथ बूंदाबांदी नहीं होती है तब तक वायुमंडल में जमे धूल के कण नहीं बैठेंगे और लोगों को वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति से दो-चार होना पड़ेगा। उधर मौसम विभाग के अनुसार अभी आने वाले दिनों में बारिश की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। तो तेज हवा भी नहीं चल रही है।

### इंदिरापुरम का एयर क्वालिटी इंडेक्स 312 रहा

करंट क्राइम : इंदिरापुरम का एयर क्वालिटी इंडेक्स कम नहीं हो रहा है। शनिवार को गाजियाबाद में इंदिरापुरम के प्रदूषण केंद्रों में सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स 312 दर्ज किया गया। तो वही संजय नगर 198, वसुंधरा 268 और लोनी की वायु गुणवत्ता 272 दर्ज की गई है। बता दें कि बीते लगभग 20 दिनों से दिल्ली-एनसीआर में हवा सांस लेने लायक नहीं है। जिसकी वजह से लगातार स्कूलों में छुट्टी और सरकारी कार्यालयों के समय में बदलाव वाले आदेश जारी किए गए थे। वहीं स्कूलों को हाईब्रीड मोड पर चलाया जा रहा है।



### धूल और धुएं पर नहीं लग रही है प्रशासनिक रोक

करंट क्राइम : खुले में धूल भी उड़ रही है और धुंआ भी शहर की हवा का दम घट रहा है। वायु प्रदूषण की घातक होती स्थिति लोगों के जीवन पर असर डाल रही है और अस्पतालों से लेकर घरों में लोग वायु प्रदूषण की गिरफ्त में आकर बीमारी का शिकार भी हो रहे हैं। इस मौसम में लोगों की आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और सिर दर्द जैसी समस्या वायु प्रदूषण की वजह से ही बताई जा रही हैं।

### पत्रकारिता के मापदंडों पर खरा उतरा है करंट क्राइम : मास्टर तेजपाल नागर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर शनिवार को दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे। विधायक तेजपाल नागर का दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मान किया। इस अवसर पर दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा कि पत्रकारिता का काम बेहद चुनौती भरा है और आज के युग में यह चुनौती बढ़ गई है। उन्होंने दैनिक करंट क्राइम समाचार पत्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाचार पत्र पत्रकारिता के मापदंडों पर खरा उतरा है। इस अवसर पर दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर के सुपुत्र दीपक नागर, तथा पैरा माउंट चैयरमैन शशांक अग्रवाल भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सोमवार को अधिवक्ता मुकदमा दर्ज होने के विरोध में देंगे कवि नगर थाने में गिरफ्तारी

### कवि नगर थाने में लिखी गई है 43 नामजद सहित 70-80 अज्ञात अधिवक्ताओं पर गंभीर धाराओं में एफआईआर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अधिवक्ताओं की जिला जज को हटाने की मांग लगातार एक महीने से अधिक से जारी है लेकिन इस पर अब तक कोई हल नहीं हुआ है। तो वहीं बीते दिनों कवि नगर थाना पुलिस ने अधिवक्ताओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में 43 नामजद अधिवक्ताओं सहित 70-80 अज्ञात अधिवक्ताओं पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसको लेकर बार एसोसिएशन गाजियाबाद आरपार लड़ाई के मूड में आ गई है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने पत्र जारी करते हुए घोषणा की है कि दो दिसंबर सोमवार को गाजियाबाद के समस्त अधिवक्ता गण एवं अधिवक्ता जिनके विरुद्ध जिला जज गाजियाबाद के इशारे पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है, वो अपने-अपने आधार कार्ड, पहचान पत्र की फोटो प्रतिलिपि साथ लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर धरना स्थल से दोपहर 1:00 बजे चलकर थाना कवि नगर में जाकर गिरफ्तारी देंगे। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने कहा है कि अगर अधिवक्ता हड़ताल के दौरान कार्य करते हुए पाए जाते हैं, तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## बार एसोसिएशन गाजियाबाद का आरोप जिला जज के इशारे पर हुई एफआईआर

### क्या सोमवार को फिर बनेगा आमने-सामने वाला सीन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से कवि नगर पुलिस ने जिला जज के केंद्रीय नाजिर की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है, उसमें 43 अधिवक्ताओं के नाम हैं। इसमें कई बार से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों व आंदोलन को धार देने वाले वकीलों के नाम भी हैं। इसके साथ ही जानकारी मिली है कि 70 से 80 अज्ञात अधिवक्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया है। जिनपर गाली गलौच, अभद्रभाषा, अशोभनीय टिप्पणी से लेकर सरकारी काम में रुकावट सहित गंभीर धाराएं लिखी गई हैं। अब अधिवक्ताओं ने कहा है कि अगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है तो अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी हो। इसके लिए अधिवक्ता अपना आधार कार्ड, पहचान पत्र, फोटो प्रतिलिपि के साथ कवि नगर थाने में गिरफ्तारी देने पहुंचेंगे। इस दौरान पुलिस का रुख देखने लायक होगा अगर पुलिस ने अधिवक्ताओं से सीधे टकराव किया तो स्थिति बिगड़ सकती है।

### अधिवक्ता लगा रहे हैं नारे बंटोगे तो पिटोगे

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारी जहां अधिवक्ताओं को एक साथ लाने और आंदोलन को मजबूती से चलाने का प्रयास कर रहे हैं, तो बीच-बीच में कुछ ना कुछ ऐसा हो रहा है जिससे आंदोलन की रफ्तार और धार कम हो रही है। अधिवक्ताओं पर एक के बाद एक मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। तो बार एसोसिएशन के ऊपर दबाव बढ़ रहा है। वहीं अब अधिवक्ताओं के आंदोलन के मंच से भी एक नारा सुनाई दे रहा है कि अगर अधिवक्ता जाती, पार्टी, प्रोफाइल के आधार पर बटेंगे तो पुलिस उन्हें पीटने का भी काम कर सकती है। दरअसल बीते दोनों जो आंदोलन शुरू हुआ था, उसमें अधिवक्ता लगातार हड़ताल चलाने के बावजूद भी ना तो अब तक लाठीचार्ज करवाने वाले जिला जज पर कोई कार्रवाई करवा पाए हैं। ना लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कर कोई कार्रवाई हुई है। कुल मिलाकर अधिवक्ताओं के बीच भी खेमाबंदी और विरोध के सुर तेज हो रहे हैं। कभी अधिवक्ता बार एसोसिएशन द्वारा आंदोलन बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं। तो कभी इसे जारी रखने के लिए लड़ाई की जा रही है।




### जारी रहेगा मानव श्रृंखला बनाकर विरोध का कार्यक्रम



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने घोषणा की है कि वह अधिवक्ताओं के हक की लड़ाई को जारी रखेंगे, जब तक जिला जज का तबादला नहीं होता है और लाठीचार्ज कराने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अधिवक्ताओं को यह आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। वही एक बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने कहा है कि सोमवार दो दिसंबर को भी मानव श्रृंखला बनाकर यह आंदोलन आगे जारी रखा जाएगा।

### इन अधिवक्ताओं पर दर्ज हुआ है मुकदमा

करंट क्राइम : जिन 43 अधिवक्ताओं के एफआईआर में नाम हैं, उनमें मुख्य रूप से मुकुल शर्मा, विकास त्यागी, सुमित त्यागी कनौजिया, नितिन यादव, हरीश वर्मा, विनय उपाध्याय, उमेश कसाना, खालिद खान का जूनियर हर्ष चौधरी, योगेंद्र कौशिक, दीक्षांत स्वामी, नेमपाल सिंह, मुकेश कुमार, मनीष शर्मा, मुस्तफा चौधरी, दीपक सिंह, हरेंद्र गौतम, अरविंद कौशिक, शरद शर्मा, गौरव त्यागी, दीपक शर्मा, आसिफ खान, सुमित, विश्वास त्यागी, अमित राणा, पंकज त्यागी, नितिन त्यागी डूंडाहेड़ा, शरद शर्मा ,निर्भय जैन, संजय त्यागी, मोहन, बिट्टू त्यागी, योगेंद्र सिंघल, मनीष शर्मा, सुमित चौधरी ,कुमारी हिमांशी, सतपाल यादव, वरुण त्यागी, अखिल त्यागी, दीपक, मारूफ चौधरी ,साबिर चौधरी, रोहित, वीरू सुमित त्यागी नामजद अधिवक्ताओं के रूप में शामिल हैं।

# भीषण हादसा : कार की टक्कर में पांच की मौत, छह की हालत नाजुक

## दस फीट दूर खड्ड में जा गिरा टेंपो, घटना का सीएम ने लिया संज्ञान जताया दुख







**श्रावस्ती।** यूपी के श्रावस्ती में शनिवार को नेशनल हाईवे-730 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छह लोगों की हालत गंभीर है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घायलों को अस्पताल भेजा। हादसा इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर तिराहे पर हुआ।

बस्ती जिले के थाना सोरहा अंतर्गत नव्वागांव निवासी विजय चौधरी (32) पुत्र रामअचल अपनी एसयूवी कार यूपी 51 एआर 3569 बनवाने के लिए बहराइच लाया था। जहां से शनिवार को वह वापस लौट रहा था। इस दौरान कार पर गांव का ही सोहराब (42) पुत्र सफीउल्लाह भी था।

जैसे ही विजय कार लेकर बौद्ध परिपथ स्थित इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर पहुंचा। तभी रफ्तार काफी तेज होने के कारण अचानक सामने जा रही टैंपो को देख नियंत्रण खो बैठा। इससे कार अनियंत्रित हो आगे जा रही टैंपो से टकरा गई। रफ्तार तेज होने के कारण कार व टेंपो मार्ग किनारे करीब दस फीट दूर खड्ड में जा गिरी।

घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दौरान घटना में टैंपो सवार गिलौला के मोहम्मदानपुर निवासी अयोध्या प्रसाद (60) पुत्र चूड़ामणि व बहराइच के धरसवा निवासी मुरलीधर पुत्र जोखू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार सहित नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी अश्विनी दुबे के साथ पहुंचे सीओ सतीश शर्मा ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया।

वहां चिकित्सक ने टैंपो सवार इकौना थाना क्षेत्र के पांडेय पुरवा निवासी लल्लन (44) पुत्र सूबेदार व बरईपुर निवासी ननके यादव (30) पुत्र मंगल प्रसाद तथा बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर सेवनाहे निवासी रफीक (40) पुत्र इद्रीस को मृत घोषित कर दिया।

वहीं गंभीर रूप से घायल कार सवार सहित पांडेय पुरवा निवासी सुबेदार (70) पुत्र हीरालाल, थाना कोतवाली देहात बहराइच के धरसवा निवासी नागेश्वर प्रसाद (48) पुत्र सतगुरु, पयागपुर के वीरपुर सेवनाहे निवासी साकिरा बानो (35) पत्नी सलमान व पांडेय पुरवा निवासी शिवराम (22) पुत्र पाटनदीन को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।



इकौना के मोहनीपुर में हुए सड़क हादसे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के आश्रितों को आर्थिक मदद देने व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने तथा उन्हें आर्थिक सहायता देने को कहा है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डीएम व एसपी ने तत्काल मौके पर जाकर पीड़ितों की हर संभव मदद करने तथा उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

# भारत की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा यूएन

## ईयू साथ मिलकर वोमेन एम्पावर इंडिया कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**नई दिल्ली।** मोदी सरकार का महिलाओं के नेतृत्व में विकास यानी वोमेन लेड डेवलपमेंट पर जोर है और सरकार लगातार इसके लिए प्रयास कर रही है। भारत सरकार के महिलाओं को सक्षम बनाने और वर्कफोर्स में उनकी भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों की दिशा में एक सकारात्मक पहल संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी शुरू हुई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और यूरोपियन यूनियन (ईयू) मिल कर भारत की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बनाएंगे।

शुक्रवार को यूएन वोमेन और ईयू ने मिल कर वोमेन एम्पावर इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसका लक्ष्य भारत में महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण है। वर्कफोर्स मे महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना उन्हें रोजगार से जोड़ना है ताकि महिलाएं सक्षम बने और फिर भारत को सशक्त बनाएं। इस कार्यक्रम के लिए ईयू ने 2.78 मिलियन अमरीकी डालर का फंड यूएन वोमेन को मुहैया कराया है। वोमेन एम्पावर इंडिया कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए वातावरण तैयार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को दिल्ली में एक समारोह में हुआ। कार्यक्रम के लांच के साथ ही यूएन वोमेन और ईयू ने वोमेन एम्पावरमेंट प्रिंसपल्स यानी लिंग आधारित समानता के लिए काम करने वाले कॉरपोरेट लीडरों को पुरस्कृत भी किया।

यूएन वोमेन की कंट्री प्रोग्राम मैनेजर वोमेन इकोनोमिक एम्पावरमेंट सुहैला खान कहती हैं कि इस कार्यक्रम में यूएन वोमेन प्राइवेट सेक्टर और सरकारी टेनिंग सेंटर जैसे आइटीआइ आदि के साथ मिल कर महिलाओं को रोजगार का प्रशिक्षण दिलाएगी और फिर उन्हें रोजगार दिलाने या उद्यमी बनने और अपना रोजगार शुरू करने में मदद करेगी। जनवरी से यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में शुरू होगा जहां महिलाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग दिलाकर रोजगार से जोड़ा जाएगा। तमिलनाडु में पहले ही राज्य सरकार के साथ मिलकर टेक्सटाइल सेक्टर में काम हो रहा है। पूरा कार्यक्रम 40 महीनों का है।

### वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी काफी कम

भारत में वैसे तो वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी पहले से बढ़ी है लेकिन अभी भी पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। आंकड़े देखे जाएं तो वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी मात्र 41.7 प्रतिशत है जबकि पुरुषों की भागीदारी 78 प्रतिशत है। जब वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तो महिलाओं के सक्षम और सशक्त होने के साथ ही देश भी आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम होगा।

# इटली के शीर्ष नौसेना अधिकारी की भारतीय नौसेना के पश्चिमी कमान प्रमुख से मुलाकात; समुद्री सहयोग पर चर्चा



**नई दिल्ली।** इटली की नौसेना के वाइस एडमिरल एंटोनियो नताले ने भारतीय नौसेना की पश्चिम कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल संजय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और एक-दूसरे के साथ काम करने के तरीकों पर चर्चा की। यह बैठक शुक्रवार को हुई। नौसेना ने आज यह जानकारी दी।

नौसेना ने कहा, समुद्री क्षेत्र में सहयोग और एक-दूसरे के साथ काम करने के तरीके पर चर्चा की गई। वाइस एडमिरल नताले ने मुंबई में नौसेना के डॉकयार्ड में स्थित गौरव स्तंभ पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वाइस एडमिरल का यह दौरा उस समय हो रहा है, जब इटली की नौसेना का प्रशिक्षण जहाज आईटीएस अमेरिगो वेस्पुच्ची 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक मुंबई में है। जबकि नताले मुंबई में 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक यात्रा पर हैं।

यह जहाज जुलाई 2023 में इटली से निकला था और अपनी करीब दो साल की यात्रा में 30 से अधिक बंदरगाहों का दौरा करेगा। यह जहाज फरवरी 2025 में इटली वापस लौटेगा। जहाज का वजन 3410 टन है और इसकी लंबाई 101 मीटर है। इस जहाज के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन जोसपे लाइ हैं। मुंबई पहुंचने पर कैप्टन लाइन ने रियर एडमिरल राहुल विलास गोखले से मुलाकात की और दोनों नौसेनाओं के बीच प्रशिक्षण और इस यात्रा के अनुभव पर चर्चा की।

नौसेना ने कहा, इस यात्रा के दौरान मुंबई के इंदिरा डॉकयार्ड में इटली की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए विलाज्जियो इटालिया (इटली गांव) स्थापित किया गया है। भारत और इटली प्राचीन सभ्यताएं हैं और उनके बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंध हैं। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंध हैं। इसने आगे कहा, दोनों देशों के समान समुद्री हित हैं, जिसके कारण रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। जहाज की यात्रा और उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग से दोनों देशों को लाभ होगा।

# वायनाड में राहुल बोले-भूस्खलन प्रभावितों की मदद के लिए सरकार पर बनाएं दबाव; प्रियंका ने कही ये बात



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अपनी पार्टी कांग्रेस और यूडीएफ से वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया। वह अपनी बहन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा की वायनाड लोकसभा उपचुनाव में जीत के बाद पहली बार केरल आए हैं। इस दौरान बच्चों से भी बातचीत की। राहुल ने यहां मुक्कम में अपनी बहन के साथ जनसभा के दौरान भूस्खलन के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, संपत्तियों को खो दिया है।

उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से, हमारी सरकार नहीं है और इसलिए हम वह नहीं कर सकते जो एक सरकार कर सकती है। इसलिए, मैंने अपनी बहन और (एआईसीसी महासचिव) के. सी. वेणुगोपाल से कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ के प्रत्येक सदस्य को भूस्खलन के पीड़ितों की मदद के लिए केरल सरकार पर दबाव बनाना चाहिए।' ाहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वायनाड के लोगों के साथ भेदभाव करने का भी आरोप लगाया और कहा कि मोदी उन्हें वह सहायता प्रदान करने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसके वे हकदार हैं। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए दावा किया कि वह भारत के लोगों की तुलना में उद्योगपति गौतम अदाणी के साथ अलग तरह का व्यवहार कर रहे हैं, जबकि संविधान कहता है कि सभी के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अमेरिका में अदाणी पर आरोप लगने और उन्हें अपराधी कहने से कोई फर्क नहीं पड़ता तथा भारत में हम उनके खिलाफ अभियोग नहीं चलाएंगे

### वायनाड के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए काम करूंगी : प्रियंका गांधी वाद्रा

वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद दो दिवसीय दौरे पर केरल पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि वह वायनाड वापस आकर बहुत खुश हैं और यहां के लोगों की मदद के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं और काम शुरू करने के लिए तैयार हूं।

# ईवीएम मुद्दे पर भाजपा का कांग्रेस पर पलटवार

## कहा- राहुल गांधी इस्तीफा दें, वह भी इसी प्रक्रिया से चुने गए




**नई दिल्ली।** चुनावी नतीजों के बाद लगातार ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रही कांग्रेस पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी, उनके सीएम और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को पहले इस्तीफा दे देना चाहिए और यह घोषणा करें कि मतपत्रों की वापसी पर ही चुनाव लड़ेंगे। अगर वे ऐसा करते हैं तो शायद उनका भरोसा भी बढ़ेगा। नहीं तो यह आरोप केवल खोखले शब्द ही बनकर रह जाएंगे। राहुल गांधी ध्यान रखें वे भी ईवीएम आधारित चुनाव प्रक्रिया से ही चुनकर सांसद बने हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ईवीएम के मुद्दे को लेकर कांग्रेस को अदालत का रुख करना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कई बार चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और ईवीएम की विश्वसनीयता की पुष्टि की है। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को अपने पद इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वे उसी चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए हैं जिस पर उनकी पार्टी सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी विडंबना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईवीएम पर उस दिन सवाल उठाया जिस दिन प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली। कांग्रेस जल्द इतिहास के पन्नों तक सीमित हो जाएगी।

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही घटनाओं को लेकर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि भारत की मजबूत आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के तौर पर भारत का यह कर्तव्य है कि जब अल्पसंख्यकों को कहीं भी उत्पीड़न का सामना करना पड़े तो वह अपनी आवाज उठाए। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति पर सरकार ने अपना रुख बता दिया है। उच्चायोग लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है।

### राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को इस्तीफा दे देना चाहिएः गौरव भाटिया

गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वे उसी चुनावी प्रक्रिया से चुने गए हैं जिस पर विपक्षी पार्टी सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उस दिन ईवीएम पर सवाल उठाया जिस दिन प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जल्द ही इतिहास की किताबों के पन्नों तक सीमित हो जाएगी।

### अखिलेश यादव बन रहे दंगाइयों की ढाल

संभल हिंसा को लेकर भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दंगाइयों की ढाल बन रहे हैं। उनकी पार्टी के सांसद और अन्य सदस्य शांति बहाली के लिए प्रतिबद्धता दिखाने के बजाय हिंसा भड़काने में शामिल हैं। जब राज्य में उसकी सरकार थी तो अक्सर दंगे भड़कते थे। विपक्षी पार्टी को पुलिस पर भरोसा नहीं है।

# कैप्टन रिया के श्रीधरन ने हासिल किये एविएशन विंग्स, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत ने दिया सफलता का मंत्र



**पुणे।** पुणे के खडकवासला में त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान में एनडीए के 147वें कोर्स की पासिंग आउट परेड़ का आयोजन किया गया। खेतरपाल परेड ग्राउंड में आयोजित इस पासिंग आउट परेड़ को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने संबोधित किया। अपने संबोधन में एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि एनडीए कैडेटों को ऑपरेशन की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने के लिए बनाए गए संबंधों को आगे बढ़ाना चाहिए। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह बतौर समीक्षा अधिकारी इस समारोह में शामिल हुए थे।

अपने संबोधन में एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि यहां बनाए गए बंधन को हमारे कार्यों की योजना और कार्यान्वयन की दिशा में ले जाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि आप ऐसा करेंगे। सेना में सभी लोग एकजुटता का दायित्व उसी गर्व से धारण करते हैं जैसे आप अपनी सेवा वर्दी धारण करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों के रूप में भविष्य के किसी भी संघर्ष में एनडीए कैडेटों की भूमिका यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगी कि दुश्मन के मंसूबों को हराया जाए और एक महान राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता से समझौता नहीं किया जाए। एनडीए और तीनों सेनाओं की अन्य अकादमियों में दिया जाने वाला प्रशिक्षण आपका मार्गदर्शन करेगा और आपको इन चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने की ताकत और आत्मविश्वास से लैस करेगा।

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि एनडीए को सही मायने में नेतृत्व का उद्गम स्थल कहा जाता है। यह निस्संदेह दुनिया की बेहतरीन अकादमियों में से एक है। बुनियादी ढांचे के आकार और प्रशिक्षण की गुणवत्ता के मामले में, यह अकादमी बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आप सभी अत्यधिक प्रेरित और साहसी सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के समूह का नेतृत्व करेंगे। ऐसे में विश्वास और सम्मान जीतने के लिए अपने बेदाग व्यक्तिगत आचरण, पेशेवर क्षमता और निर्विवाद अखंडता के माध्यम से आगे बढ़कर नेतृत्व करना आपका पवित्र कर्तव्य है। एनडीए न केवल नेतृत्व का उद्गम स्थल है, बल्कि संयुक्त कौशल का भी उद्गम स्थल है।

भविष्य का मंत्र देते हुए उन्होंने कैडेट्स से कहा कि निर्णय लेने में कभी संकोच न करें, निडर रहें और हमेशा अपनी क्षमताओं और आंतरिक भावनाओं पर भरोसा रखें। अपने वरिष्ठों द्वारा दिखाए गए साहस, सम्मान और बलिदान को कभी न भूलें। उनकी वीरता को अपने पूरे करियर में अपना प्रेरक कारक बनने दें। हमेशा ईमानदारी से अपने दायित्व का वहन करें और साफ सोच रखें। क्योंकि आप हमेशा आसान गलत की बजाय कठिन सही को चुनते हैं। बता दें कि पासिंग आउट परेड में 1265 कैडेट्स ने भाग लिया था। इसमें से 357 कैडेट पासिंग आउट कोर्, थे। पासिंग आउट कोर्स के कैडेट्स में सेना से 215, वायु सेना से 301 और नौसेना से 38 जवान शामिल थे। वहीं, पासिंग आउट कैडेट्स में 19 मित्र विदेशी देशों (भूटान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, मलेशिया, सूडान, तंजानिया, केन्या, जाम्बिया और मालदीव) से शामिल थे। ये कैडेट अपनी संबंधित प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकादमियों में शामिल होंगे। वहीं, 47 महिला कैडेट्स की एक टुकड़ी ने भी परेड में भाग लिया। ये वर्तमान में अपने तीसरे, चौथे और पांचवें प्रशिक्षण सत्र में हैं।

### कैप्टन रिया के श्रीधरन ने हासिल किया प्रतिष्ठित एविएशन विंग्स

वहीं, कैप्टन रिया के श्रीधरन ने उअळर, नासिक में समापन समारोह में प्रतिष्ठित एविएशन विंग्स हासिल किए। वे ब्रिगेडियर कौशल श्रीधरन की बेटी हैं। 11 महीने के कठोर प्रशिक्षण के बाद, वह आर्मी एविएशन कोर में इस प्रतिष्ठित मील का पत्थर हासिल करने वाली दूसरी पीढ़ी की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं।

# केंद्र-राज्य के बीच प्रतिस्पर्धी पहलुओं को लेकर बनाना होगा संतुलन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ रिश्वत लेने के मामले में सुनवाई करते हुए प्रतिस्पर्धी मुद्दों के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों की जांच राज्य पुलिस द्वारा की गई है या की जा रही है ऐसे मामलों में प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि संघीय ढांचे में, यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक घटक अपनी पहचान और अधिकार क्षेत्र बरकरार रखे। इस दौरान पीठ ने एक काल्पनिक स्थिति का हवाला भी दिया। अदालत ने कहा कि अगर कोई राज्य केंद्र सरकार के अधिकारियों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार करने का फैसला करता है, तो इससे संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है। ऐसे में अगर यह कहा जाता है कि राज्य के पास गिरफ्तारी की विशेष शक्ति है, तो यह संघीय ढांचे के लिए खतरनाक हो सकता है। हालांकि पीठ ने यह भी कहा कि राज्य पुलिस को उसके अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी मामले की जांच करने की शक्ति से वंचित करना भी ठीक नहीं होगा।

सभी दलीलों पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि हम इन प्रतिस्पर्धी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के लिए दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करेंगे। इसमें कहा गया है कि हालांकि एक आरोपी जांच में अपनी बात नहीं रख सकता, लेकिन उसे निष्पक्ष जांच का अधिकार है। फिलहाल पीठ ने मामले की सुनवाई जनवरी में तय की है। शीर्ष अदालत ने 20 मार्च को तिवारी को अंतरिम जमानत दे दी थी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें उसके अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ एक मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। अंकित तिवारी को तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने कथित रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

डीवीएसी ने दावा किया गया था कि मदुरै में ईडी के उप-जोनल कार्यालय में तैनात अधिकारी तिवारी को 1 दिसंबर, 2023 को तमिलनाडु सरकार के एक अधिकारी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद ईडी ने तमिलनाडु पुलिस प्रमुख के पास एक शिकायत दर्ज की थी। इस शिकायत में राज्य सतर्कता अधिकारियों पर मदुरै में उसके जोनल कार्यालय में अतिक्रमण करने और मामले के रिकॉर्ड चुराने का आरोप लगाया गया था।

सुनवाई के दौरान तमिलनाडु की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि तिवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था और मामले की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। पुलिस ने अभी तक आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है क्योंकि शीर्ष अदालत ने ईडी की याचिका पर विचार कर लिया है।

इससे पहले ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए, शीर्ष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और राज्य सरकारों के अधिकारियों से जुड़े मामलों की जांच के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी अखिल भारतीय तंत्र तैयार करने की बात कही थी, ताकि राजनीतिक प्रतिशोध के कारण जांच को विफल करने की आशंकाओं को खत्म किया जा सके।



# दिल्ली और यूपी में शीतलहर की दस्तक

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में शीतलहर शुरू हो गई है। तापमान गिरने से सुबह शाम अब दिन में भी ठंड लगने लगी है। वहीं, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं, तमिलनाडुः चक्रवाती तूफान 'फेंगल' के प्रभाव के कारण चेन्नई शहर के मौसम में बदलाव देखने को मिला है। आईएमडी के अनुसार चक्रवाती तूफान 'फेंगल' आज दोपहर उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों को पार करेगा। मौसम विभाग ने तमिलनाडु में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है ।राजधानी दिल्ली में शीतलहर शुरू हो गई है। सुबह और शाम के अलावा अब दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तापमान के और कम होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं शुक्रवार को सीजन का सबसे सर्द दिन दर्ज किया गया। बीते कई दिनों से राजधानी के न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जा रही है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 01 दिसंबर - 2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भगवागढ़ में सियासत को लेकर क्या है 2027 का महाप्लान

## राजनीति के कौन से नए चेहरे लेंगे अब यहां सियासी पिच पर स्थान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति की बात करें तो गाजियाबाद को भगवागढ़ कहा जाता है। ऐसा नहीं है कि यहां हमेशा से भाजपा जीतती आई है। यहां कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल ने भाजपा के रमेश चंद तोमर को लोकसभा चुनाव में हराया। यहां विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के बालेश्वर त्यागी को हराया। ये एक संयोग रहा कि इस हार के बाद ये दोनों चेहरे भाजपा की सियासत में हाशिये पर चले गये। फिर भाजपा में बहार तो आई लेकिन ये बहार इन चेहरों के लिए बाहर ही बाहर रही।

यहां विधानसभा में बसपा के विधायक जीते हैं। यहां मुरादनगर से वहाब चौधरी, मोदीनगर से मास्टर राजपाल सिंह, शहर से सुरेश बंसल, लोनी से जाकिर अली और साहिबाबाद से अमरपाल शर्मा चुनाव जीते। फिर कुछ ऐसा हुआ कि ये चेहरे भी साईड लाइन हो गये। हालांकि इनमें अमरपाल शर्मा ने अपनी सियासत का चिराग जलाये रखा है। उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा ने खोड़ा नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा की रीना भाटी को हराया।

नगर निगम की मेयर सीट पर भाजपा का कब्जा शुरू से रहा। सियासत की गंगा में इन 10 सालों में बहुत पानी बह गया है। सियासत के नए चेहरे आ गये हैं और सियासत में बदलाव का असर नगर निगम के मौहल्ला वार्डों से लेकर लोकसभा तक दिखाई दे रहा है। विधानसभा वाले लोकसभा पहुंच गये और संगठन वाले विधानसभा में आ गये। बड़ा सवाल ये है कि जिस तरह से राजनीति करवट ले रही है और हर दल में नए नेता, नए चेहरे, नए फेस अपना बेस बना रहे हैं उससे भविष्य की तस्वीर निकाली जा सकती है। वर्ष 2027 चुनाव का होगा और अभी 2 साल इसके लिए बाकी हैं।

इन दो सालों में भगवागढ़ की सियासत में क्या महाप्लान आयेगा। कौन सा चेहरा यहां चुनावी चेहरा बन कर उभरेगा और कौन से चेहरे अब राजनीति के वीआरएस की ओर बढ़ रहे हैं। अगर सियासी तस्वीर को गौर से देखें तो यहां कई नए चेहरों ने भाजपा के फलक पर अपनी पहचान बनाई है। इन चेहरों में गाजियाबाद की बात करें तो यहां स्वतंत्र मंत्री राज्य प्रभार नरेन्द्र कश्यप का नाम आता है। कम समय में उन्होंने जबरदस्त पकड़ बनाई और आज वो सरकार में मंत्री हैं।

संगठन महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ऐसे अध्यक्ष रहे जिन्हें लगातार दूसरी पारी खेलने का मौका मिला और वो वेस्ट यूपी में नोएडा अध्यक्ष के बाद दूसरे अध्यक्ष हैं जिन्हें डबल पारी मिली। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी अपनी दूसरी पारी खेल रहे हैं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की भी ये दूसरी पारी है। मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच की भी ये दूसरी पारी है। साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा जरूर ये तीसरी पारी खेल रहे हैं लेकिन एक बार की पारी में ब्रेक आ चुका है। सुनील शर्मा भी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। महिला कार्यकर्ताओं की बात करें तो यहां मेयर पद की दो दावेदार रहीं हैं और दोनों की मेयर पद को सुशोभित कर चुकी हैं। आशा शर्मा मेयर वाली पारी खेल चुकी हैं और सुनीता दयाल मेयर वाली पारी खेल रही हैं।

सवाल यही है कि इन चेहरों के बाद वो कौन से चेहरे आयेंगे जो यहां अपना प्लेस बनायेगें और इन्हें रिप्लेस करेंगे। परिवर्तन जीवन का नियम है और फूल वालों के लिए भी ये रूल लागू होता है। नए चेहरों में किसे पार्टी मेयर वाला फेस बनायेगी। क्या किसी विधानसभा में भाजपा सियासत के किसी नए चेहरे को टिकट देगी। संगठन की क्या तस्वीर रहेगी और क्या पुराने चेहरे प्रमोट होंगे या फिर किसी नए को मौका मिलेगा। भाजपा को लेकर प्रश्न इसलिए अहम है क्योंकि वहां ये कहा जा चुका है कि संगठन के चुनाव ही इस लिए हो रहे हैं क्योंकि भाजपा वर्ष 2027 के चुनावी रण के लिए योद्धा तैयार कर रही है।

वहीं भाजपा की आने वाली एक सियासी तस्वीर ये भी है कि नई हवा की नई भाजपा पूरी तरह से नई होकर आ रही है। भाजपा में नए चेहरों ने तेजी से आमद की है और ये नई भाजपाई भीड़ भगवा सियासत को संदेश दे रही है कि अब हमारी ओर ध्यान दिया जोय और अन्य चेहरो पर फोकस ना किया जाये। यहां पर तेजी के साथ समीकरण बदल रहे हैं और जिन्हें सियासत का मौसम वैज्ञानिक कहा जाता है उन्हें अब ये अंदाजा लगाना होगा कि अपनी सियासत को कहां पर बेस देना है और किस तरीके से खुद को आने वाले दो साल में चुनावी या संगठन वाले फेस के रूप में विकसित करना है।

### बसपा-सपा-कांग्रेस-रालोद में कौन से चेहरे बनायेंगे अपनी एक मजबूत पॉलिटिक्ल पहचान

करंट क्राइम। बात केवल भाजपा की नहीं है, बाद अन्य दलों की भी है। सियासत की इस नदी में इन दो सालों में बहुत पानी बह जाना है और दस साल की सियासत में बहुत पानी बह चुका है। कई चेहरे दस्तक दे रहे हैं और कई चेहरे साईलेंट तरीके से वीआरएस ले चुके हैं। भाजपा अपनी तैयारी कर रही है मगर यहां बसपा-सपा-कांग्रेस-रालोद के सियासी मूवमेंट पर भी निगाह रखनी होगी। यहां से कौन से चेहरे अपनी एक मजबूत पहचान बनायेंगे, कौन से वो नए चेहरे हैं जो इन दलों में आये हैं और काम कर रहे हैं। यहां कांग्रेस आने वाले चुनाव में और संगठन के काम में कौन से नए चेहरों को प्रमोट करेगी, उसकी युवा राजनीति से लेकर महिला राजनीति का क्या स्वरूप होगा। बसपा नए चेहरों को ही चुनाव में लाती रहेगी और हर चुनाव के बाद महावत बदलती रहेगी या फिर इस कहावत को ही बदलेगी। समाजवादी पार्टी ने सामान्य सीट पर दलित कार्ड दो बार खेला है, लेकिन अब यहां चुनाव के बाद सपा का भी एक वर्ग आफ द रिकार्ड ये बोला है कि हमारे सियासी अरमानों के साथ ये खेला नहीं चलेगा। अगर टिकट दिया ही जाना है तो फिर उनके लिए आरक्षित सीट पर दो। ये नहीं होगा कि वोट भागीदारी के आधार पर शीर्ष नेतृत्व यहां हमारी सारी तैयारी को ही पलट देगा। यहां पर नए चेहरों की बात हो रही है। कांग्रेस की ओर भी देंखे तो यहां नए चेहरे अब आयेंगे और इसके आसार भी लग रहे हैं क्योंकि राजनीतिक मैदान में जिन्हें दूसरी पिच पर जगह नहीं मिलेगी वो यहां आयेंगे। रालोद के नेताओं की बात करें तो यहां उसके पास त्यागी समाज से चेहरा है, सिक्ख समाज से चेहरा है और जाट समाज से तो कई चेहरे हैं। ये चेहरे अपनी सियासत को केवल हैंडपम्प तक सीमित रखेंगे या फिर ये भी कहीं और जम्प करेंगे। समाजवादी पार्टी के कौन से नए चेहरे खुद को राजनीति के नए विकल्प के रूप में स्थापित करेंगे।

# आज पुलिस लाइन में होगा पुलिसकर्मियों का निशुल्क हेल्थ चेकअप

### डीसीपी लाइन करेंगे कैंप का उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए दो साल का समय हो गया है। इसी उपलक्ष्य में रविवार को पुलिस लाइन परिसर में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ और वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में गाजियाबाद के पुलिसकर्मियों और परिवारजनों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ डीसीपी लाइन सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी लाइन लिपि लगायच करेंगी। इसका मकसद पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही उन्हें फिट रखना है। पुलिस लाइन परिसर में रहने वाले पुलिसकर्मियों के अलावा अलग-अलग पुलिस थानों के स्टाफ को भी बुलाया गया है।

### हर थाने से बुलाए गए हैं 20-20 पुलिसकर्मी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत 25 थाने हैं। सभी थानों से 20-20 पुलिसकर्मियों को निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके लिए अधिकारियों द्वारा एसीपी स्तर के अधिकारियों को भी सूचना प्रेक्षित की गई है। तो वहीं रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ के प्रोजेक्ट मैनेजर रोटेरियन ललित जायसवाल ने कहा है कि यह आयोजन पुलिस कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयोजित किया जा रहा है।

# महापौर ने किया साउथ साइड इंडस्ट्रियल एरिया का औचक निरीक्षण

## इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गैराज के सुपरवाइजर भी हो जाते हैं सुबह ही गायब, होगी कार्रवाई : सुनीता दयाल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने विजय नगर क्षेत्र में जन सम्पर्क किया था तब अधिकतम शिकायत डोर टू डोर कूड़ा लेने के लिए गाड़ी न आने की मिली जिसमें महापौर ने उसी समय औचक निरीक्षण के मन बना लिया था इसी क्रम में आज वार्ड 27,25 साऊथ साईट ऑफ जी टी रोड इंडस्ट्रियल एरिया में और क्रोसिंग में महापौर सुनीता दयाल ने औचक निरीक्षण किया जिसमें पार्षद कन्हैया लाल, पार्षद नरेश जाटव, अवर अभियंता एस के सरोज आदि उपस्थित रहे।

### इंडस्ट्रियल एरिया में पड़ रहे कूड़े को जल्द से जल्द हटाया जाए : महापौर

**करंट क्राइम।** लगभग सभी वार्डो में यह शिकायत मिल रही है कि गाड़ी कूड़ा लेने सप्ताह में 1 या 2 दिन या आती ही नही है जिसको लेकर महापौर ने निरीक्षण किया है, जिसमें यह भी सामने आया कि बहुत से टैम्पो की बैट्री चोरी हो गयी है और बहुत से टेम्पो खराब हैं जिसमे महापौर ने सख्ती दिखाते हुए संबंधित अधिकारी को लताड़ लगाई। साथ ही इंडस्ट्रियल एरिया के एक प्लॉट में कूड़ा पड़ा था जिसको लेकर महापौर ने अधिकारियों को तत्काल कूड़ा हटाये जाने और कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए हैं। साथ ही डोर टू डोर कूड़े की गाड़ियों को नियमित समय तक क्षेत्र में कूड़ा उठाने और घर घर/गली गली भेजने के भी निर्देश दिए हैं और संबंधित कर्मचारियों पर सख्ती के भी निर्देश दिए हैं।

इसके साथ साथ महापौर ने क्रोसिंग में स्थित नगर निगम की भूमि भी देखी जिसमें आस पास के लोगो द्वारा खेती की जा रही थी जिसमें लोगों को बुलाकर महापौर ने समझाया कि सरकारी भूमि का प्रयोग न करें इससे कभी भी आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी हो सकती है इस लिए आप स्वम उपरोक्त भूमि पर खेती करना बंद करे अन्यथा नगर निगम द्वारा होने वाली कार्यवाही की जिम्मेदारी आपकी होगी।

### सुबह 10-11 बजे खड़े हो जाते हैं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के टैम्पो



निरीक्षण में महापौर ने पाया कि इंडस्ट्रियल एरिया में नगर निगम का गैराज है जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की गाड़ियां खड़ी होती है और 10-11 बजे गाड़ियों को कूड़ा लेने के लिए क्षेत्र में होना चाहिए जबकि अधिकतम गाड़ियां गैराज में ही मौजूद मिली महापौर से गैराज पर उपस्थित सुपरवाइजर के विषय में जाना तो पता चला वह 8 बजे आता है और फिर चला जाता है। विजय नगर जोन में नगर निगम स्वयं ही कूड़ा अपनी 150 गाड़ियां से कलेक्ट कर रहा है।

# यातायात माह के समापन पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

### विधायक अजीत पाल त्यागी, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल और डीसीपी राजेश कुमार ने ली सलामी




### यातायात नियमों के पालन कराने का दिया गया संदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा एक माह तक चलाए गए यातायात जागरूकता माह का शनिवार को कवि नगर रामलीला मैदान में एनसीसी कैडेट द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका मकसद वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति सावधानी और लापरवाही ना करना रहा। इस दौरान रैली शुरू होने से पूर्व मुख्य अतिथि के तौर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल मौके पर रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में मंच संचालन और यातायात जागरुकता को लेकर जानकारी देने का काम एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ते हुए वाहनों की संख्या सड़कों की गुणवत्ता में सुधार होने के कारण सब दुर्घटना में कमी लाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार काम कर रहा है। इस दौरान डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने एनसीसी कैडेट्स, प्रमुख अतिथियों और अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलवाई।

### कवि नगर से लेकर शास्त्री नगर तक निकाली गई जागरूकता रैली




करंट क्राइम : यातायात माह के समापन अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकार,ी प्रशासन संभागीय परिवहन अधिकारी परिवर्तन एवं एनसीसी के अधिकारियों ने एनसीसी कैसेट् और यातायात पुलिसकर्मियों को साथ लेकर यात्रा रैली निकाली। जो रामलीला मैदान कवि नगर से प्रारंभ होकर शास्त्री नगर के प्रमुख क्षेत्र से होती हुई पुन: रामलीला मैदान में आकर समाप्त हुई। इस दौरान यातायात जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। रैली में लगभग 150 से अधिक एनसीसी कैडेट्स एवं यातायातकर्मियों ने प्रति भाग लिया।





### सड़क हादसों में कमी लाना और जागरूकता रहा मुख्य उद्देश्य : एडीसीपी




करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह ने बताया है कि 30 दिनों तक चलाए गए यातायात सुरक्षा माह के तहत खासतौर से लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना और नियम का पालन कराने के लिए जागरुकता फैलाई गई है। इस दौरान उन्होंने बताया कि स्कूल, कॉलेजों के साथ ही प्रमुख चौराहों और अन्य सामाजिक संगठनों के साथ जगह-जगह कार्यक्रम किया गया। लोगों को हेलमेट लगाने, रेड लाइट जंप न करने, रॉन्ग साइड वाहन नहीं लाने और दोपहिया वाहन पर दो ही सवारी बैठाने जैसे आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए गए ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# जनवरी 2026 तक सुंदर व सुव्यवस्थित होगा हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से मोहन नगर बस अड्डे का मार्ग







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सी एम ग्रिड योजना के अंतर्गत लगभग 40 करोड़ की लागत से हिंडन एयर फोर्स स्टेशन से होते हुए मोहन नगर बस अड्डे तथा शेषनाग द्वारा करेड़ा से होते हुए एलिवेटेड रोड तक का मार्ग जनवरी 2026 तक पूर्ण रूप से सुंदर और व्यवस्थित होगा, जिसके लिए कार्यवाही अक्टूबर माह से चल रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हिंडन एयर फोर्स स्टेशन मार्ग पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, तथा अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से अद्वित व निर्माण की अन्य टीम उपस्थित रही।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया मोहन नगर जोन अंतर्गत मुख्यमंत्री की योजना सी एम ग्रिड मे चिन्हित मार्गो की मार्किंग का कार्य कराया गया जिसमें हिंडन एयर फोर्स स्टेशन से मोहन नगर बस अड्डे तक अवस्थापना सुविधा के कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। वाटर लाइन, सीवर लाइन, गैस लाइन, ओ एफ सी लाइन को चिन्हित करने का कार्य पूर्ण हो गया है जिसको पिट लगाकर यूटिलिटी ऑब्जर्वेशन कराया गया है। मौके पर कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया निर्माण विभाग की टीम भी उपस्थित रही। ग्रैप के बाद कार्य रफ्तार से पूर्ण किया जाए। संबंधित टीम को निर्देश दिए गएद्ध आर एंड सी इंफ्रास्ट्रक्चर की टीम को भी विशेष रूप से शेष 13 माह में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए।

मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी द्वारा बताया गया कि मोहन नगर जोन अंतर्गत सी एम ग्रिड के कार्य को जनवरी 2026 तक पूर्ण करने की तिथि निश्चित है जिसके लिए टीम द्वारा निरंतर मौके पर संबंधित कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। उक्त मार्ग पूर्ण रूप से सुसज्जित होगा जिसमें फुटपाथ के नीचे वाटर तथा गैस लाइन रहेगी शहर वासियों को लाभ मिलेगा फुटपाथ पर घूमने आसान होगा। किसी प्रकार की रुकावट नहीं होगी, पद यात्रियों को सुविधा रहेगी। इसके अलावा अन्य सुविधाओं के लिए भी कार्य योजना बन चुकी है। मार्ग प्रकाश युक्त तथा ग्रीनरी से हरा-भरा रहेगा। उक्त मार्ग की लंबाई 1.75 किलोमीटर है। शेषनाग द्वारा से एलिवेटेड रोड तक 885 मीटर की रोड को भी पूर्ण रूप से योजना के क्रम में सुंदर व्यवस्थित किया जायेगा। गाजियाबाद नगर निगम महापौर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रहा है। शासन की योजनाओं को धरातल पर लाकर जन-जन को लाभ पहुंचाने के लिए अग्रसर है।





## संपादकीय

# यूपीआई धोखाधड़ी का मुकाबला

बीते कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान लेनदेन में उल्लेखनीय इजाफा देखने को मिला है। बहरहाल, देश के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में इस असाधारण वृद्धि के साथ ही धोखाधड़ी के मामलों में भी इजाफा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने हाल ही में संसद के सामने जो आंकड़े पेश किए वे दिखाते हैं कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से जुड़ी धोखाधड़ी की रकम 2023-24 में 1,087 करोड़ रुपये हो गई जो 2022-23 के 573 करोड़ रुपये से 85 फीसदी अधिक थी। भुगतान संबंधी धोखाधड़ी के मामले भी 2022-23 के 7.25 लाख से बढ़कर 2023-24 में 13.4 लाख तक पहुंच गए। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत में यूपीआई भुगतान धोखाधड़ी के 6.32 लाख मामले सामने आए। इनमें करीब 485 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी। ये आंकड़े चिंताजनक हैं और भविष्य में इसका इस्तेमाल करने वालों को प्रभावित कर सकते हैं।

डिजिटल भुगतान लेनदेन का कुल आकार 2017-18 के 2,017 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गया। इस दौरान चक्रवृद्धि सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) 44 फीसदी रहा। इसी तरह समान अवधि में लेनदेन का मूल्य 11 फीसदी सीएजीआर के साथ 1,962 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 3,635 लाख करोड़ रुपये हो गया।

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में लेनदेन का आकार करीब 86.59 अरब रहा जबकि कुल लेनदेन का मूल्य 1,669 लाख करोड़ रुपये का था। डिटिजल लेनदेन में यूपीआई सबसे बड़ा माध्यम था। कुल लेनदेन में यह करीब 80 फीसदी का हिस्सेदार रहा और कम भुगतान करने वाले लोगों का सबसे पसंदीदा माध्यम रहा।

इस संदर्भ में भुगतान और लेनदेन को सुरक्षित करना सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। अतीत में कई पहल की गईं ताकि देश में डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को नियंत्रित किया जा सके। इसमें बहुकारक प्रमाणन व्यवस्था, रोजाना लेनदेन की सीमा और यूपीआई ऐप्लीकेशंस में इनक्रिप्शन तकनीक का इस्तेमाल किया गया।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) भी यूपीआई की सुरक्षा मजबूत करने को लेकर सक्रिय रहा है और उसने बैंकों को धोखाधड़ी वाले लेनदेन को नकारने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संचालित फ्रॉड मॉनिटरिंग प्रणाली की पेशकश की है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी 2019 में राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की शुरूआत की ताकि डिजिटल भुगतान संबंधी धोखाधड़ी उजागर की जा सके। बहरहाल, जैसे-जैसे तकनीक का विकास जारी है, साइबर अपराधी भी बेहतर से बेहतर सुरक्षा उपायों को बेधने में सक्षम होते जा रहे हैं। मैलवेयर और स्पाईवेयर के जरिये फिशिंग अटैक अब बहुत अधिक आम हो चुके हैं। जैसे-जैसे यूपीआई की पहुंच बढ़ रही है और वह विदेशों में भी सफलतापूर्वक काम कर रहा है तो यह महत्त्वपूर्ण है कि उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाई जाए और लोगों को धोखाधड़ी से बचाया जाए।

# 'दिसंबर तक ग्राहकों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ें', वित्त मंत्री ने की आरआरबी से अपील

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) से ग्रामीण ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं से जोड़ने की अपील की है। मंत्री ने बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के आठ आरआरबी के साथ शुक्रवार को पटना में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान डिजिटल समावेशन के महत्व पर जोर दिया।




बैठक में सीतारमण ने आरआरबी को डिजिटल सेवाओं के लिए ग्राहकों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए दिसंबर 2024 तक इस कार्य को पूरा करने की समय सीमा तय की। उन्होंने आरआरबी को अपने प्रायोजक बैंकों के समर्थन से अपने ग्राहकों के बीच डिजिटल सेवाएं अपनाने को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा, आरआरबी को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं से ग्राहकों को जोड़ने को प्राथमिकता देनी चाहिए उन्होंने व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से कृषि और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से जुड़ी गतिविधियों के लिए।

सीतारमण ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ऋण प्रवाह बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से नाबार्ड और सिडबी के साथ मिलकर एसएचजी को उद्यम के रूप में विकसित करने में मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) कार्यक्रम की क्षमता की ओर इशारा किया और वित्तीय संस्थानों को एसएचजी को प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

केंद्रीय मंत्री ने आरआरबी में दक्षता और सेवा वितरण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आरआरबी की वित्तीय सेहत में सुधार को स्वीकार किया।

उन्होंने बताया कि समेकित सीआरएआर वित्त वर्ष 2022 के 7.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 9.4 प्रतिशत हो गया और सकल एनपीए वित्त वर्ष 2022 में 25 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2024 में 15 प्रतिशत हो गया।

मंत्री ने कहा, पूर्वी क्षेत्र के आरआरबी ने वित्त वर्ष 2023 में 690 करोड़ रुपये के शुद्ध घाटे के मुकाबले वित्त वर्ष 2024 के दौरान 625 करोड़ रुपये का समेकित लाभ अर्जित किया है। सीतारमण ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए आरआरबी में परिसंपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने, डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने और मजबूत कॉरपोरेट प्रशासन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए समापन किया।

# ओटीपी के जरिए जालसाजी करने वालों पर लगेगी लगाम

## जानें एक दिसंबर से और क्या-क्या बदलेगा

**नई दिल्ली।** 1 दिसंबर, 2024 से भारत में कई क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले बदलाव होने वाले हैं। इनमें फर्जी डळढ को रोकने के लिए संशोधन, मालदीव पर्यटन के नियमों में बदलाव और कुछ बैंकों की ओर से अपने क्रेडिट कार्ड मानदंडों को अपडेट करना शामिल है। नियमन और यूजर्स की सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से ये बदलाव होने हैं। आइए 1 दिसंबर से होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों पर एक नजर डालें।



### ओटीपी से जुड़ा ट्राई का नया नियम

संदिग्ध ओटीपी पर अंकुश लगाने और स्कैमर्स से लोगों को होने वाले बड़े वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से संदेश ट्रेसबिलिटी प्रदान करने के लिए कहा है। निर्देश का पालन करने की समय सीमा 30 नवंबर, 2024 है। इस विनियमन के तहत दूरसंचार कंपनियों को सभी संदेशों के स्रोत का पता लगाने के लिए प्रावधान करने की आवश्यकता है। इसकी शुरूआती समय सीमा 31 अक्तूबर थी, लेकिन सेवा ऑपरेटरों की मांग के बाद, ट्राई ने इसे 30 नवंबर तक बढ़ा दिया। कुछ रिपोर्टों ने दावा किया कि इससे ग्राहकों को ओटीपी प्राप्त करने में देरी हो सकती है, लेकिन ट्राई ने एक्स पर एक पोस्ट में ऐसे अफवाहों को ₹तथ्यात्मक रूप से गलत₹ बताया है।

**मालदीव में पर्यटन से जुड़े नियमों में बदलाव :** मालदीव, जो भारत से बाहर घूमने जाने वालों के लिए सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है, द्वीपसमूह की यात्रा करने वाले पर्यटकों से लिए जाने वाले शुल्क में वृद्धि कर रहा है। इकोनॉमी-क्लास के यात्रियों के लिए, शुल्क $30 (2,532 रुपये) से बढ़कर $50 (4,220 रुपये) हो जाएगा, जबकि बिजनेस-क्लास के यात्रियों के लिए शुल्क $60 (5,064 रुपये) से बढ़कर $120 (10,129 रुपये) हो जाएगा।

प्रथम श्रेणी के यात्रियों को $90 (7,597 रुपये) से बढ़कर $240 (20,257 रुपये) का भुगतान करना होगा, और निजी जेट यात्रियों को $120 (10,129 रुपये) से बढ़कर $480 (40,515 रुपये) का भुगतान करना पड़ेगा।

# उद्योगों को अक्तूबर में 8% अधिक कर्ज मिला

## प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन की वृद्धि दर घटी

**नई दिल्ली।** बैंकों की ओर से उद्योगों को दिया जाने वाला कर्ज अक्तूबर में 8 फीसदी बढ़ा है। अक्तूबर, 2023 में वृद्धि दर 4.8 फीसदी थी। आरबीआई के अनुसार, कृषि और इससे संबंधित गतिविधियों का कर्ज 15.5 फीसदी बढ़ा है, जो एक साल पहले इसी माह में 17.4 फीसदी बढ़ा था। इस दौरान पर्सनल लोन की वृद्धि दर घटकर 15.8 फीसदी रह गई, जो एक साल पहले 18 फीसदी थी।



इसका मुख्य कारण अन्य पर्सनल लोन, वाहन लोन और क्रेडिट कार्ड ऋण वृद्धि में गिरावट है।

**प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.1 फीसदी :** कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्तूबर, 2024 में घटकर 3.1 फीसदी रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 12.7 फीसदी था। हालांकि, अक्तूबर की वृद्धि दर सितंबर, 2024 के 2.4 फीसदी की तुलना में अधिक है।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, कोयला क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि दर 18.4 फीसदी से घटकर अक्तूबर में 7.8 फीसदी रह गई। उर्वरक, इस्पात और सीमेंट-बिजली के उत्पादन की वृद्धि दर क्रमशः 0.4 फीसदी, 4.2 फीसदी और 0.6 फीसदी रही। अक्तूबर, 2023 में यह आंकड़ा क्रमशः 5.3 फीसदी, 16.9 फीसदी और 20.4 फीसदी रहा था। रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 फीसदी पहुंच गया।

**विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटा :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त हफ्ते में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रह गया है। 15 नवंबर के हफ्ते में इसमें 17.76 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 19 .8 मीटर (65 फीट) की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।

# कच्चे पाम तेल का असर, 8 फीसदी तक बढ़े साबुन के दाम, लागत का भार ग्राहकों पर

**नई दिल्ली।** कच्चे पाम तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण दैनिक उपभोग के सामान बनानने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों ने साबुन के दाम 8 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और विप्रो जैसी प्रमुख कंपनियों ने कच्चे तेल की वजह से बढ़ी लागत का भार घटाने के लिए ग्राहकों पर इसका भार डालने का फैसला किया है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के कार्यकारी निदेशक अबनीश रॉय का कहना है कि एफएमसीजी क्षेत्र में आमतौर पर कोई एक कंपनी पहले कीमतें बढ़ाती है, जिसका अनुसरण करते हुए धीरे-धीरे अन्य कंपनियां भी दाम बढ़ाती हैं। इसी तर्ज पर, एचयूएल और विप्रो के बाद अब अन्य कंपनियां भी जल्द ही साबुन के दाम बढ़ा सकती हैं। एचयूएल ने डव, लक्स, लाइफबॉय, लिरिल, पीयर्स, रेक्सोना जैसे ब्रांडों की कीमतों में इजाफा किया है। आयात शुल्क में वृद्धि के साथ पाम तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं। पाम तेल मुख्य रूप से इंडोनेशिया व मलयेशिया से आयात होता है। वर्तमान में पाम तेल की कीमत लगभग 137 रुपये प्रति किलो है।

विप्रो कंज्यूमर केयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीरज खत्री ने कहा, साबुन बनाने में इस्तेमाल होने वाले प्रमुख उत्पाद पाम तेल की कीमतों में सितंबर की शुरूआत से 35 फीसदी तक वृद्धि हुई है।

## राशिफल

**मेष:** वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्च न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें, इससे बड़ों को ठेस लग सकती है।

**वृष:** परिवार के कुछ सदस्य अपने ईर्ष्यालु स्वभाव से झुंझलाहट का कारण बन सकते हैं। आपा खोने की जरूरत नहीं है, स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

**मिथुन:** लंबे समय से चली आ रही किसी बीमारी से आपको निजात मिल सकती है। साझेदारी के व्यवसाय और चालाकी भरी वित्तीय योजनाओं में निवेश न करें।

**कर्क:** भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। व्यापार में आज अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। आज आप अपने कारोबार को नई ऊंचाई दे सकते हैं।

**सिंह:** काम का बोझ कुछ तनाव और चिड़चिड़ेपन की वजह बन सकता है। घर के सदस्यों का हँसी-मजाक वाला व्यवहार घर के माहौल को खुशनुमा बना देगा।

**कन्या:** आज आपका स्वास्थ्य पूरी तरह अच्छा रहेगा। अतिरिक्त धन अचल संपत्ति में निवेश किया जा सकता है। किसी बुजुर्ग का स्वास्थ्य चिंता का कारण बनेगा।

**तुला:** कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज दिमाग का नसीब दिया है- इसलिए इनका पूरा-पूरा इस्तेमाल करें। आपको समय और धन की कद्र करनी चाहिए।

**वृश्चिक:** दूसरों की सफलता की सराहना करके आप उसका आनंद उठा सकते हैं। पुराने निवेशों के कारण आय में वृद्धि के योग हैं।

**धनु:** सेहत से जुड़े कार्यक्रम फिर से शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। विदेश में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दाम में बिक सकती है, जिससे आपको मुनाफा होगा।

**मकर:** बड़ों को लाभ उठाने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। व्यापारियों को उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसे मांगते हैं।

**कुंभ:** आज आपमें चपलता देखी जा सकती है। आपकी सेहत आज आपका पूरा साथ देगी। खर्चों में अप्रत्याशित वृद्धि आपके मन की शांति भंग करेगी।

**मीन:** ध्यान और योग आपके लिए आध्यात्मिक ही नहीं, शारीरिक रूप से भी फायदेमंद साबित होंगे। आज आप बिना किसी की मदद के पैसा कमाने में सफल रहेंगे।

## चुटकुले

टिंकू ने चिड़ियाघर में नौकरी कर ली
उसने शेर के पिंजरे को ताला नहीं लगाया।
अफसर- टिंकू तुमने शेर के पिंजरे को ताला क्यों नहीं लगाया?
टिंकू- क्या जरूरत है...इतने खतरनाक जानवर को कौन चुराएगा?

---

लड़की- स्टेशन तक के कितने पैसे लोगे?
रिक्शावाला- मैडम बीस रुपये.
लड़की (हैरान सा मुंह बनाते हुए)- स्टेशन के बीस रुपये?
रिक्शावाला - हां मैडम, स्टेशन पूरा दो किलोमीटर है यहां से।
लड़की- ये तो रहा स्टेशन।
रिक्शावाला- मैडम हाथ पीछे कर लो, कहीं रेल के नीचे ना आ जाएं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अभ्यास मैच का पहला दिन बारिश के कारण धुला आज 50 ओवर का मैच होने की संभावना

**हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो गए हैं, जबकि अनकैप्ड पेसर सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट को शामिल किया गया है।**

**कैनबरा, 30 नवंबर।** पीएम 11 के खिलाफ भारत के दो दिवसीय अभ्यास मैच का पहला दिन शनिवार को मनुका ओवल में बारिश के कारण धुल गया। अब केवल एक दिन का खेल बचा है, इसलिए रविवार को दोनों टीमों के बीच 50 ओवर का मुकाबला होगा। हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में खेलने से बाहर हो गए हैं, जबकि अनकैप्ड पेसर सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट को पिंक-बॉल टेस्ट के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। पेसर ने पर्थ में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की भारत से 295 रन की हार में पांच विकेट लिए थे।

जब ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2020 में एडिलेड में पिंक-बॉल टेस्ट में भारत के साथ खेला था, तब हेजलवुड ने मुख्य रूप से विध्वंसक गेंदबाजी की थी, उन्होंने पांच ओवर में 5-8 की घातक गेंदबाजी की थी, जिससे भारत दूसरी पारी में 36 रन पर आउट हो गया था।

जडेजा ने नई दिल्ली में अपने मुख्यालय में फिक्की द्वारा आयोजित 14वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन 'टर्फ 2024' के



मौके पर आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में कहा,इसके बावजूद (हेजलवुड ने पांच विकेट लिए), हम (पर्थ में) जीते। इसलिए वह वहां नहीं है, यह केवल आपके लिए आसान बनाता है, जब तक कि आपको कोई नया सितारा न मिल जाए, क्योंकि खेल के साथ यह एक और बात है जिसे आप हमेशा महसूस करेंगे - कि जब तक कोई व्यक्ति उस विशेष दिन मैदान पर नहीं आता है, तब तक वह अज्ञात है।

जडेजा ने कहा, लेकिन कभी-कभी प्रतिभाशाली लोगों को भी किसी दिन शुरूआत करनी होती है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि उन्हें कोई और प्रतिभाशाली नहीं मिलेगा, अन्यथा यह एक अच्छा संकेत है।

भारत के लिए, एडिलेड में शीर्ष क्रम के बदलाव कार्ड पर हैं क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा पितृत्व अवकाश के कारण पर्थ टेस्ट से चूकने के बाद उपलब्ध हैं, जबकि शुभमन गिल ने बाएं अंगूठे की चोट से उबरने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा, यह कम से कम कप्तान और कोच के लिए सिरदर्द है। कम से कम, कप्तान अंदर आता है, इसलिए यह उसका सिरदर्द है कि वह किसे बाहर रखता है, जो एक अच्छा सिरदर्द है। मेरा मतलब है कि उन लोगों की तलाश करने के बजाय जो मुझे गेम जिताने जा रहे हैं, अब आपको किसी ऐसे व्यक्ति को बाहर रखना होगा जिसने आपको गेम जिताया है।

# 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले पहले कीवी खिलाड़ी बने केन विलियमसन




**न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने इतिहास रच दिया**

**क्राइस्टचर्च, 30 नवंबर।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने 9,000 टेस्ट रन पूरे करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है।

विलियमसन ने शनिवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। विलियमसन कमर की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं, जिसके कारण वह भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे।

उन्होंने मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

34 वर्षीय खिलाड़ी ने 103 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वह कुमार संगकारा और यूनिस खान के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ अपने 99वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद सबसे तेज बल्लेबाज हैं, जिन्होंने ब्रायन लारा के 101 टेस्ट मैचों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। दूसरी पारी में विलियमसन ने क्रिस वोक्स की गेंद पर विकेट के सामने लपके जाने से पहले रचिन रविंद्र और डेरिल मिशेल के साथ दो महत्वपूर्ण साझेदारियां करते हुए 61 रन का योगदान दिया। इससे पहले, विलियमसन ने वापसी करते हुए 93 रन बनाए और न्यूजीलैंड को पहली पारी में 348 रन तक पहुंचाया।

# पाक ने भारत के सामने 282 रन का लक्ष्य रखा

## दुबई में अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान का सामना भारत से

**दुबई।** अंडर-19 एशिया कप में आज भारत का सामना पाकिस्तान से है। यह मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय में खेला जा रहा है। पाकिस्तान के कप्तान साद बेग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम की कमान मोहम्मद अमान संभाल रहे हैं। पाकिस्तान ने 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 281 रन बनाए। शाहजेब खान ने 147 गेंद में पांच चौके और 10 छक्के की मदद से 159 रन की पारी खेली। इसके अलावा उस्मान खान ने 60 रन बनाए। जवाब में भारत ने 18 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 72 रन बना लिए हैं। निखिल कुमार और कप्तान मोहम्मद अमान क्रीज पर हैं। 13 साल के वैभव सूर्यवंशी एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, आयुष म्हात्रे 20 रन बनाकर आउट हुए। आंद्रे सिद्धार्थ 15 रन बनाकर आउट हुए।

### पाकिस्तान की पारी

31वें ओवर में 160 के स्कोर पर पाकिस्तान की टीम को पहला झटका लगा। आयुष म्हात्रे ने उस्मान खान को निखिल कुमार के हाथों कैच कराया। वह 94 गेंद में छह चौके की मदद से 60 रन बना सके। इसके बाद 33वें ओवर में आयुष ने हारून अर्शद को आउट किया। वह तीन रन बना सके। इसके बाद समर्थ ने दो विकेट झटके। उन्होंने 44वें ओवर की तीसरी गेंद पर पहले मोहम्मद रियाजुल्लाह को हरवंश सिंह के हाथों कैच कराया। वह 27 रन बना सके। फिर अगली ही गेंद पर फरहान यूसुफ को हरवंश




**अंडर-19 एशिया कप में आज भारत का सामना पाकिस्तान से है। यह मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय में खेला जा रहा है। पाकिस्तान के कप्तान साद बेग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम की कमान मोहम्मद अमान संभाल रहे हैं। पाकिस्तान ने 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 281 रन बनाए।**

सिंह के हाथों कैच कराया। फरहान खाता नहीं खोल सके। किरण चोरमले ने फहम उल हक (4) को और युद्धाजीत गुहा ने कप्तान साद बेग (4) को आउट किया उमर जायब दो रन और नवीन अहमद खान पांच रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से समर्थ नागराज ने तीन विकेट लिए, जबकि आयुष म्हात्रे को दो विकेट मिले। यद्धाजीत और किरण को एक-एक विकेट मिला।

**स्टैट्स और रिकॉर्ड्स :** भारत और पाकिस्तान, दोनों का ही इस टूनार्मेंट का पहला मैच है। दोनों को ग्रुप-ए में रखा गया है। इन दोनों टीमों के अलावा इस ग्रुप में यूएई और जापान हैं। भारतीय टीम अंडर-19 एशिया कप इतिहास की सबसे कामयाब टीम है। उसने पिछले 10 में से आठ बार खिताब अपने नाम किया है। पाकिस्तान ने एक बार भारत के साथ ट्रॉफी साझा की थी। सभी की नजरें 13 साल के वैभव सूर्यवंशी पर हैं, जो हाल ही में आईपीएल की मेगा नीलामी में 1.1 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स की टीम में शामिल हुए थे।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारतः आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, आंद्रे सिद्धार्थ, मोहम्मद अमान (कप्तान), हरवंश सिंह (डब्ल्यू), निखिल कुमार, किरण चोरमले, हार्दिक राज, मोहम्मद एनान, समर्थ नागराज, युद्धाजीत गुहा। पाकिस्तानः शाहजेब खान, उस्मान खान, साद बेग (विकेटकीपर/कप्तान), फरहान यूसुफ, फहम-उल-हक, मोहम्मद रियाजुल्लाह, हारून अरशद, अब्दुल सुभान, अली रजा, उमर जैब, नवीद अहमद खान।

यह टूनार्मेंट 1989 से खेला जा रहा है और अब तक इसके 10 संस्करण हो चुके हैं। इस साल 11वां संस्करण है। भारत ने 1989, 2003, 2013, 2013/14, 2016, 2018, 2019, 2021 में आठ बार यह ट्रॉफी जीती है। वहीं, 2012 में मैच टाई रहा था और ट्रॉफी भारत और पाकिस्तान के बीच साझा की गई थी।

# '23 साल की उम्र में 30-40 करोड़ कमाए...'

## पूर्व कोच ने पृथ्वी शॉ को बताई थी कांबली के पतन की कहानी




**मुंबई।** पृथ्वी शॉ ने तब सुर्खियां बटोरीं जब वह आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहे। शॉ को मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने रिलीज किया था। उन्होंने अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपये रखा था, लेकिन किसी ने भी उनपर बोली नहीं लगाई। हाल के महीनों में शॉ को अनुशासनहीनता के आरोप में मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से भी हटा दिया गया था। 25 वर्षीय के पतन पर बोलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व टैलेंड स्काउट और सहायक कोच प्रवीण आमरे ने अनुमान लगाया कि इतनी कम उम्र में 30-40 करोड़ रुपये के करीब कमाई ने शॉ को करियर की पटरी से उतार दिया होगा। शॉ को डीसी में लाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले आमरे ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने शॉ को विनोद कांबली का उदाहरण दिया था, लेकिन वह भी काम नहीं आया।

**'पृथ्वी शॉ को विनोद कांबली का उदाहरण दिया था' :** आमरे ने द टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'तीन साल पहले मैंने उन्हें विनोद कांबली का उदाहरण दिया था। मैंने कांबली के पतन को करीब से देखा है। इस पीढ़ी को कुछ चीजें सिखाना आसान नहीं है।' विनोद कांबली 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरूआत में करियर की शुरूआत की थी। वह सचिन तेंदुलकर के साथ एक ही समय में भारतीय टीम में आए थे। हालांकि, तेंदुलकर के विपरीत कांबली का करियर कम उम्र में पटरी से उतर गया। उन्होंने 23 साल की उम्र में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था।

आमरे ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स की बदौलत शॉ ने 23 साल की उम्र तक 30-40 करोड़ रुपये कमा लिए होंगे। क्या आईआईएम ग्रेजुएट को भी इतना पैसा मिलेगा? जब आप इतनी कम उम्र में इतना कमाते हैं, तो आप पूरा ध्यान खो देते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप पैसे का प्रबंधन करना जानते हों, अच्छे दोस्त बनाएं और क्रिकेट को प्राथमिकता दें।'

**'क्रिकेट में तीन-डी बेहद महत्वपूर्ण' :** शॉ को दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2022 रिटेंशन में 7.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। आमरे ने कहा, 'अनुशासनहीनता ने पृथ्वी के करियर को बाधित किया। वापस आने और अच्छा प्रदर्शन करने की भूख गायब थी।' उन्होंने कहा, 'यह निराशाजनक है कि उनके जैसी प्रतिभा विपरीत दिशा में जा रही है। किसी ने मुझे बताया कि सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लिए मुंबई रवाना होने से पहले पृथ्वी ने क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में अभ्यास मैच में शानदार शतक जड़ा था। शायद वह ग्लैमर और पैसे, आईपीएल के दुष्प्रभावों को संभाल नहीं सके।

# चोटिल होने के बावजूद जेमिमा ब्रिस्बेन हीट के लिए WBBL फाइनल खेलेंगी

**ब्रिस्बेन, 30 नवंबर।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ ब्रिस्बेन हीट के लिए महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) फाइनल में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, हालांकि चैलेंजर गेम में चोटिल होने के बावजूद वे सिडनी थंडर पर जीत दर्ज करने के दौरान चोटिल हो गई थीं।

बाउंड्री पर डाइविंग करते समय जेमिमा की कलाई पर चोट लग गई थी, और वे मैदान पर वापस नहीं आईं। वे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं और 30 गेंदों पर 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन हीट के जीत की दहलीज पर पहुंचने से पहले



ही चोटिल हो गईं।

मेरी समझ से, वहां कोई वास्तविक चिंता नहीं है। वह सभी सही प्रक्रियाओं से गुजर रही है, एक विदेशी खिलाड़ी होने के नाते, एक भारतीय खिलाड़ी होने के नाते और साथ ही ऑस्ट्रेलियाई लड़कियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सीरीज होने के नाते।'

ब्रिसबेन हीट की कप्तान जेस जोनासेन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, सभी रिपोर्टों से, यह सिर्फ.एक छोटी सी बात है, लेकिन इससे ज्यादा कुछ और खतरनाक होने की संभावना को खारिज किया जा सकता है। मेरी समझ से कल खेलना सही रहेगा।''

हालांकि रविवार के फाइनल के लिए बारिश की आशंका है, सोमवार को एक रिजर्व दिन के प्रावधान के साथ, जेस ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम को पूरे मैच के लिए तैयार रहने को कहा है।

# पुणे लेग से पहले मनप्रीत सिंह ने कहा, 'महाराष्ट्र में धड़कता है कबड्डी का दिल'

**नोएडा, 30 नवंबर।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का काफिला नोएडा से पुणे की ओर बढ़ चला है। सीजन के अंतिम चरण से पहले अंक तालिका में टीमों के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। इसके बावजूद, एक टीम जिसने पूरे सीजन में निरंतरता दिखाई है वह है हरियाणा स्टीलर्स, जो पीकेएल में अब भी शीर्ष पर है। जब टीम ने नोएडा लेग में तमिल थलाइवाज पर 42-30 की प्रभावशाली जीत दर्ज की, तब कबड्डी के सांस्कृतिक महत्व पर बात करते हुए हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने खेल के साथ महाराष्ट्र के गहरे जुड़ाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र वह जगह है जहां कबड्डी का दिल सचमुच धड़कता है।

कोच ने महाराष्ट्र के खेल जुनून की एक खूबसूरत तस्वीर पेश की, स्थानीय प्रशंसकों के खेल के प्रति प्यार पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि जब आप महाराष्ट्र के स्टेडियम में मैच देखने जाते हैं, तो लोग सिर्फ टीम देखने नहीं आते- वे कबड्डी का समर्थन करने आते हैं। वहां के लोगों और खेल के बीच खास रिश्ते को बयां करते हुए उन्होंने कहा, जब आप महाराष्ट्र



जाते हैं और कुश्ती या कबड्डी जैसे अच्छे खेल खेलते हैं, तो ऐसा लगता है कि यह आपसे जुड़ा हुआ है। आप इसे महसूस कर सकते हैं। उनके शब्द एक ऐसे राज्य की तस्वीर पेश करते हैं जहां खेल उत्कृष्टता की न केवल सराहना की जाती है, बल्कि उसका गहरा सम्मान किया जाता है। उन्होंने राज्य की खेल संस्कृति की समावेशी और भावुक प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए कहा, जब कोई अच्छा खिलाड़ी प्रदर्शन करता है, चाहे वह भारत के किसी भी हिस्से से हो, अगर उसके पास कौशल है, तो महाराष्ट्र के लोग अपना दिल खोलकर उसका समर्थन करते हैं।

# डे-नाइट टेस्ट में भारत का रिकॉर्ड, 75% मैच जीते

## एडिलेड में ही मिली है एकमात्र हार

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एडिलेड में छह दिसंबर से खेला जाएगा। यह गुलाबी गेंद से खेला जाने वाला डे-नाइट टेस्ट होगा। पर्थ में 295 रन से जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से लबरेज है। वहीं, दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने घर में हार से परेशान है। हालांकि, डे-नाइट टेस्ट अलग बात होगी। ऐसे मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम कड़ी टक्कर देती है और उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है।

### रोहित और शुभमन गिल फिट हुए

भारत के लिए अच्छी बात यह है कि नियमित कप्तान रोहित शर्मा की वापसी हो चुकी है। इसके अलावा शुभमन गिल भी फिट होने की कगार पर हैं। इन दोनों की वापसी से भारतीय बल्लेबाजी मजबूत हो जाएगी। हालांकि, टीम मैनेजमेंट के सामने प्लेइंग-11 को लेकर परेशान होगा। रोहित और गिल को विनिंग कॉम्बिनेशन में फिट करना चिंता का विषय है। देवदत्त पडिक्कल का बेंच पर बैठना तय माना जा रहा है। इसके अलावा ध्रुव जुरेल भी बेंच पर बैठे दिख सकते हैं। सबसे बड़ी परेशानी यह होगी कि केएल राहुल को ओपनिंग भेजा जाएगा या उन्हें फिर से नंबर पांच पर भेजा जाएगा।

### भारत ने अब तक चार डे नाइट टेस्ट खेले

भारत ने अब तक चार डे-नाइट टेस्ट खेले हैं। इसमें से तीन में उन्हें जीत मिली है, जबकि एक में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इंडिया ने डे-नाइट टेस्ट में 75 फीसद मैच जीते हैं। जिस एकमात्र टेस्ट में भारतीय टीम को हार मिली थी, वह चार साल पहले एडिलेड में ही खेला गया था। यह 2020/21 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का पहला टेस्ट था। विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम इंडिया को इसमें आठ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था।



**डे-नाइट टेस्ट में भारत और ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड**

| भारत | देश | ऑस्ट्रेलिया |
|---|---|---|
| 4 | टेस्ट | 12 |
| 3 | जीते | 11 |
| 1 | हारे | 1 |

एडिलेड में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 244 रन बनाए थे। चेतेश्वर पुजारा ने 43 रन और अजिंक्य रहाणे ने 42 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 191 रन पर ही सिमट गई थी। मार्नस लाबुशेन 47 रन और कप्तान टिम पेन ने 73 रन बनाए थे। भारतीय टीम दूसरी पारी में तहस नहस हो गई थी और सिर्फ 36 रन पर सिमट गई थी। यह भारत का टेस्ट में सबसे कम स्कोर भी है। पृथ्वी शॉ चार रन, मयंक अग्रवाल नौ रन, जसप्रीत बुमराह दो रन, विराट कोहली चार रन, हनुमा विहारी आठ रन और ऋद्धिमान साहा चार रन बनाकर आउट हुए थे। वहीं, पुजारा, रहाणे और अश्विन खाता भी नहीं खोल सके थे। कमिंस ने चार और हेजलवुड ने पांच विकेट लिए थे।



**डे-नाइट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन विराट के खाते में**

### डे नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के आंकड़े




ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता की बात यह है कि 2020 में कहर बरपाने वाले हेजलवुड दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। वह चोटिल हैं। ऑस्ट्रेलिया का डे नाइट टेस्ट में असाधारण रिकॉर्ड है। उन्होंने अब तक 12 डे-नाइट टेस्ट खेले हैं, जिनमें से 11 में जीत हासिल की है, जबकि सिर्फ एक में हार का सामना करना पड़ा है। जो बात उनके रिकॉर्ड को और भी प्रभावशाली बनाती है, वह यह है कि उनकी जीत अलग अलग विरोधियों के खिलाफ आई है। इनमें भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2015 में एडिलेड में पहले अंतरराष्ट्रीय डे-नाइट टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया था।

### विराट डे नाइट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

भारत के लिए डे-नाइट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन विराट ने ही बनाए हैं। उन्होंने ऐसे चार मैचों में 46.16 की औसत से 277 रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा तीन मैचों में 43.25 की औसत से 173 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। लिस्ट में तीसरे स्थान पर श्रेयस अय्यर हैं। उन्होंने एक डे नाइट टेस्ट में 79.50 की औसत से 155 रन बनाए हैं। वहीं, गेंदबाजों की बात करें तो डे नाइट टेस्ट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट रविचंद्रन अश्विन ने लिए हैं। उन्होंने ऐसे चार मैचों में 18 विकेट झटके हैं। वहीं, अक्षर पटेल ने दो पिंक बॉल टेस्ट में 14 विकेट झटके हैं। उमेश यादव ने ऐसे दो मैचों में 11 विकेट लिए हैं।

# हनी ओर नेहा का लगन सगाई समारोह धूमधाम से संपन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अनिल कौशिक और मीनाक्षी कौशिक के सुपुत्र हनी तथा मुकेश शर्मा कौशल शर्मा की सुपुत्री नेहा का लगन सगाई समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। स्टार हेरिटेज फॉर्म हाउस में आयोजित समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर बधाई शुभकामनाएं ओर आशीर्वाद दिया।

## टीआरएम में हुआ गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वबंधु सचदेवा, खेमराज सिंह आर्य, शिवानी शर्मा आदि प्रमुख रूप से रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ खेमराज सिंह आर्य की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और माता-पिता के सम्मान करने का महत्व समझाना तथा गुरु शिष्य परंपरा का जश्न मनाना था। भारत विकास परिषद के सदस्य खेमराज आर्य ने विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी, प्रधानाचार्या रजनी ओहरी, अध्यापक प्रभारी देवेंद्र चैधरी व श्रीमती सीमा माहेश्वरी, गौरव माहेश्वरी आदि को शॉल पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मनित किया गया। कक्षा 6 से अभियांश, कक्षा 7 से प्रिया शर्मा, कक्षा 8 से दीक्षा गौतम, कक्षा 9 से अंशिका गुप्ता, कक्षा 10 से नित्या अग्रवाल, कक्षा 11 से रिशिता गर्ग व ध्रुव अग्रवाल व हेड ब्वाय नील गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। सांस्कृतिक गतिविधि कथक नृत्य में अपनी अद्भुत प्रतिभा दिखाने के लिए कक्षा दसवीं की छात्रा कीर्तिका शर्मा व खुशबू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने सभी छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के समान है हमें उन्हें अच्छी शिक्षा और विचारधारा से संपन्न बनाकर जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देनी चाहिए। विनोद कुमार माहेश्वरी ने सभी छात्र-छात्राओं को एक आदर्श विद्यार्थी व देश का सच्चा नागरिक बनने की सीख दी।

## 15 दिसंबर तक लागू हो सकती है नई गति सीमा, कोहरे से घट रही विजिबिलिटी

**नोएडा करंट क्राइम।** यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते गति सीमा को कम किया जाएगा। 15 दिसंबर से नई गति सीमा को लागू किया जाएगा। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के चलते वाहनों की रफ्तार घटेगी। उल्लंघन करने पर हल्के वाहनों पर 2000 रुपए का जुमार्ना और भारी वाहनों पर 4000 रुपए का जुमार्ना लगेगा। वहीं गति सीमा हल्के वाहनों के लिए 100 किमी प्रति घंटा से घटाकर 75 किमी प्रतिघंटा। भारी वाहनों की स्पीड लिमिट 80 किमी प्रति घंटा से घटाकर 60 किमी प्रति घंटा की जाएगी।

इसके अलावा नोएडा एक्सप्रेस की रफ्तार को भी कम किया जाएगा। यहां भी वाहनों की स्पीड लिमिट को 75 किमी प्रतिघंटा किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा के एमपी-1,2,3 की स्पीड लिमिट कम की जाएगी। दरअसल, सर्दियों में कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो जाती है, जिससे वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। ठंड के कारण सड़कों पर फिसलन भी रहती हैं, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे पर गति सीमा कम करने की योजना बनाई जा रही है। नोएडा से ग्रेटरनोएडा करीब 30 किमी और ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेस वे है। यहां दुर्घटना होने पर घायलों को समय पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए समय सारिणी और फोन नंबरों का आदान प्रदान किया जा चुका है।

## मैडीकल की छात्रा का पंखें से लटका मिला शव
## पुलिस ने सुसाइट नोट भी किया बरामद





● छात्रा बीमारी के कारण दो दिनों से अवकाश पर थी

**मोदीनगर करंट क्राइम।** शनिवार को दिव्य ज्योति डेंटल कॉलेज (डीजे कॉलिज) परिसर में एक मैडीकल की छात्रा का शव पंखें से लटका मिला, फंदा चुन्नी से बनाकर पंखें से बांधा हुआ था। मौके से एक सुसाइट नोट भी पुलिस ने बरामद किया है, लेकिन लेखनी की जांच के लिए सुसाइड नोट फॉरेसिंक लैब भेज दिया गया है। फील्ड यूनिट ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है, कोई शिकायत परिजनों द्वारा नही दी गई है।

हरियाणा के रेवाड़ी निवासी रेणुका यादव मोदीनगर के निवाड़ी मार्ग स्थित दिव्य ज्योति डेंटल कॉलेज से हॉस्टल में रहकर ही एमडीएस की पढ़ाई कर रही थी। छात्रा बीमारी के कारण दो दिनों से अवकाश पर थी और कॉलिज नही जा रही थी। शनिवार को जब वह कॉलेज नहीं गई तो उन्हें बुलाने अन्य छात्राओं को हॉस्टल भेजा गया। छात्राओं द्वारा काफी दरवाजा खटखटाना पर गेट नहीं खुला। इसके बाद इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दी गई। कॉलेज के लोगों ने जब दरवाजा तोड़ा तो अंदर छात्रा पंखे से लटकी हुई थी। तुरंत इसकी सूचना निवाड़ी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पंहुचे निवाड़ी थाना प्रभारी व एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने शव को पीएम के लिये भेजकर परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस को छात्रा के कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया सुसाइड नोट में क्या लिखा हुआ था। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही आगे कि कार्रवाई की जाएगी। जांच.पड़ताल के उपरान्त ही फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया। जरूरी साक्ष्य एकत्र कर फॉरेंसिक लैब को भेजे गए। शाम के समय परिजन भी संस्थान पहुंचे। संस्थान के पदाधिकारियों ने उन्हें पूरी घटना से अवगत कराया।

### शरीर पर नही है किसी तरह की चोट के निशान

पुलिस के मुताबिक, शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। केवल गले पर निशान है। ऐसे में मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस घटना को प्रथम दृष्टया आत्महत्या ही मान रही है, लेकिन अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

### क्या कहा पुलिस अधिकारियों ने

कॉलिज परिसर में सारे दिन रणुका की मौत की चर्चा रही। पूरे दिन छात्र इसको लेकर ही बात करते रहे। बताया जा रहा है कि दस दिन पहले ही छात्रा हॉस्टल में आई थी। ऐसे में मौत होने के पीछे अन्य कारण भी हो सकता है। हालांकि, अभी तक की पुलिस जांच में ऐसा कुछ सामने नहीं आया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। मौके से बरामद साक्ष्य फॉरेसिंक लैब भेजे गए हैं। प्राथमिक जांच में घटना आत्महत्या की प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की स्थिती स्पष्ट हो सकेंगी।

## ग्रामीणों का तहसील पर प्रदर्शन
### पालिका प्रशासन पर जबरन पट्टों की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया



**मोदीनगर करंट क्राइम।** ग्रामीणों ने तहसील पर प्रदर्शन करते हुये पालिका प्रशासन पर पट्टों की भूमि पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुये जमकर नारेगाजी कर प्रदर्शन करते हुये अपना विरोध जताया। इस संबन्ध में नायब तहसीलदार को ग्रामीणों ने अपनी मांगों से संबन्धित एक ज्ञापन भी सौपा।

गांव बिसोखर के अनेक ग्रामीण पालिका सभासद नरेन्द्र तोमर के नेतृत्व में एकजुट होकर तहसील पहुंचे और तहसील पर जमकर प्रदर्शन करते हुये उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन बिना किसी साक्ष्यों के जबरन तरीके से उनकी पट्टे की भूमि पर अपना कब्जा बताते हुये कब्जा कर रहा है साथ ही कब्जे के बाद उक्त भूमि को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। सभासद नरेन्द्र तोमर ने बताया कि गांव बिखोखर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने 31 जुलाई सन 1995 में 42 पट्टेकृषि कार्य करने के लिए आंवटित किए गए थे। सन 2012 को उक्त पट्टे राजस्व अभिलेखों में संक्रमणीय दर्ज हो गए। इतना ही नहीं 2019 में एडीएम प्रशासन द्वारा पट्टे निरस्त कर दिए गए। 2022 में यह क्षेत्र नगर पालिका परिषद में आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने उक्त भूमि को अपनी संपत्ति बताते हुये स्वामित्व का बोर्ड भी लगा दिया है और अब उक्त भूमि को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है, वन विभाग वृक्षारोपण करने की जुगत में है। ग्रामीणों ने नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगाए गए बोर्ड को उखाड़ दिया है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौपते हुये समस्या के शीघ्र निस्तारण की मांग उठाई है। प्रदर्शन में बिजेंद्र, शीला, भगवती, अमन, सूरज, अनिल, प्रशांत, श्रीपाल, राजू, सुधीर कुमार, रिछपाल, हरीश चंद्र, बबलू, अंकित, विवेक, राकेश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।




## किस टू-स्टार पर खास कार्यालय ने जताया भरोसा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों कुछ टू-स्टारों को थानों पर भेजा गया है। तो वही सुनने में आया है की खास कार्यालय के लिए भी एक टू-स्टार पर भरोसा जताया गया है। विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की मीडिया सेल और पब्लिक रिलेशन ऑफिसर के लिए एक टू-स्टार को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए चौकी वाले टू-स्टार को खास कार्यालय से जोड़ दिया गया है। सुनने में आया है कि उसको बीते दो दिनों से ट्रेनिंग दी जा रही है और कैसे काम करना है यह गाइड किया जा रहा है। जिस टू-स्टार पर खास कार्यालय ने भरोसा जताया है वह सिटी वाले खेत के थाने की खास चौकी पर लंबे समय से तैनात थे। उन पर अधिकारियों ने भरोसा जताया और उन्हें अपने पास बुलाया गया है। वही सुनने में आया है कि जिस चीज की इस टू-स्टार को ट्रेनिंग दी जा रही है, पूर्व में उस जिम्मेदारी को संभालने वाले टू-स्टार की टेंशन थोड़ी बढ़ गई है। उसे भरोसा था कि कहीं जगह बनेगी तो चांस मिलेगा लेकिन लिस्ट में वह आउट हो गए और उन पर निगाह भी नहीं गई। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस टू-स्टार पर भरोसा जताया गया है, देखना होगा वह वर्किंग स्टाइल कितने दिन में समझ पाते हैं और कब उनको ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है। इसी के साथ सूत्रों ने जानकारी दी है कि जो थाने का चार्ज पाने वाले टू-स्टार थे वह क्लास से अब खास इलाके में पहुंच गए हैं। रविवार को उनका पहला दिन रहा, उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी की दो खाली हुई चौकियों के लिए भी सर्चिंग जारी है। देखना होगा कौन टू-स्टार वहां सेट किया जाता है और कौन अपनी सेटिंग बैठा पाता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि दिसंबर माह में कई आदेश सुनाने को मिल सकते हैं। इसमें देहात से लेकर सिटी के लिए सूचना आएंगी। तो सिटी में मिनी तबादला एक्सप्रेस चौकी प्रभारियों की भी चल सकती है। उधर बताया जा रहा है कि कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में कई और टू-स्टार को भी चांस और नई तैनाती मिल जाएगी। वही जिस तरीके से 2015 बैच वालों पर अभी भी भरोसा जताया जा रहा है, उससे कई टू-स्टार के फेस पर दोबारा से रौनक आ गई है। उनको लग रहा है कि उनको भी जाते-जाते चांस मिल सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा आने वाले दो सप्ताह के दौरान किस जोन में किस स्तर पर कैसा फेरबदल होता है।



# दीपाली कौशिक का शुभ विवाह विवेक शर्मा के साथ धूमधाम से संपन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमदत्त कौशिक एडवोकेट की भतीजी तथा दस्तावेज लेखक एसोसिएशन सदर तहसील के पूर्व अध्यक्ष संजीव कौशिक की सुपुत्री दीपाली कौशिक का शुभ विवाह विनोद कुमार शर्मा के सुपुत्र विवेक शर्मा के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। तनु श्री फार्म हाउस में आयोजित समारोह में वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 175 देशों का प्लास्टिक प्रदूषण घटाने पर जोर

## भारत बोला- विकासशील को मिले वित्तीय और तकनीकी मदद

**बूसान ।** प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दक्षिण कोरिया के बुसान में जुटे 175 देशों के प्रतिनिधि कई मुद्दों पर एकमत नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय संधि पर इस वार्ता के अध्यक्ष लुईस वायस ने शुक्रवार को एक दस्तावेज जारी किया, ताकि सभी देश एक समझौते तक पहुंच सकें। हालांकि इसके सुझावों का विरोध भी शुरू हो गया है।



दस्तावेज में प्लास्टिक उत्पादन में कमी करने के लिए वैश्विक लक्ष्य तय करने का जिक्र नहीं है। वहीं, भारत ने साफ कहा कि विकासशील देशों को वित्तीय और तकनीकी मदद के साथ ही प्रौद्योगिकी हस्तांतरण मिलना चाहिए। समिति के अध्यक्ष वाल्डिविसो की ओर से जारी सुझाव में प्लास्टिक उत्पादों की वैश्विक सूची बनाने और गरीब देशों को वैश्विक प्लास्टिक संधि पर काम करने के लिए वित्तीय मदद देने जैसे विचार शामिल हैं। इसमें कहा गया कि प्लास्टिक प्रदूषण गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य समस्या है। बुसान में संयुक्त राष्ट्र अंतर-सरकारी वार्ता समिति (आईएनसी-5) की पांचवीं और अंतिम बैठक में प्लास्टिक पर वैश्विक रूप से बाध्यकारी नियमों पर सहमति बनाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। एक दिसंबर को बैठक का आखिरी दिन है। हालांकि दस्तावेज में यह स्पष्ट नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय संधि में प्लास्टिक उत्पादन में कमी के लिए वैश्विक लक्ष्य तय करना चाहिए या नहीं। दस्तावेज में यह भी साफ नहीं किया गया कि समृद्ध देश फंड में कितनी रकम देंगे।

### भारत : प्लास्टिक के विकल्पों का समर्थन लेकिन इन उत्पादों को बढ़ाव नहीं

सिंगल यूज वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने और टिकाऊ विकल्पों को अपनाने का आह्वान करने वाले भारत ने कहा कि वह प्लास्टिक के विकल्पों और तकनीकों के शोध व विकास का समर्थन करता है, लेकिन इन उत्पादों या तकनीकों के इस्तेमाल को बढ़ावा नहीं देना चाहता।

### प्लास्टिक उत्पादन कम करना जरूरी

ग्रीनपीस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जी. फोर्ब्स ने कहा कि प्लास्टिक उत्पादन को कम करना संधि का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। प्लास्टिक निमार्ता संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतरराष्ट्रीय रासायनिक संघ परिषद के प्रवक्ता ने स्टीवर्ट हैरिस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए इन कोशिशों का समर्थन किया है।

लेकिन वह उत्पादन की सीमा तय करने के बजाय प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करने और पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

# महिला की संजीदगी से ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित, मानसिक सेहत बचाने की राह खुली

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बन गया है। यह कदम सोशल मीडिया के युवाओं की मानसिक सेहत पर पड़ने वाले असर को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया और यह सब कुछ एक राजनीतिज्ञ की पत्नी की संजीदगी से संभव हो पाया। दरअसल, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर (प्रधान) पीटर मलिनॉस्कस ने अपनी पत्नी के सुझाव पर इस मुद्दे पर कार्रवाई की।



उनकी पत्नी ने अमेरिकी मनोवैज्ञानिक जोनाथन हैड्ट की 2024 की बेस्टसेलर्स किताब द एंग्शियस जेनरेशन पढ़ने के बाद उन्हें इस पर कदम उठाने के लिए कहा था। नतीजन, महज छह महीनों में देश के दूसरे सबसे छोटे राज्य मलिनॉस्कस की राज्य स्तर की नीति राष्ट्रीय कानून में बदल गई। खुद देश 2.7 करोड़ की आबादी की महज सात फीसदी आबादी का नेतृत्व करने वाले मलिनॉस्कस को इस पर यकीन नहीं हुआ। मलिनॉस्कस ने शुक्रवार को एडिलेड में मीडिया से कहा कि उन्होंने नहीं सोचा था कि यह इतना जल्दी लागू हो जाएगा। दुनिया के सबसे छोटे महाद्वीप की सरकार का लिया गया यह फैसला बताता है कि बड़े पैमाने पर जनता के समर्थन से क्या किया जा सकता है।

### अल्बनीज को मिला देश की 77 फीसदी आबादी का साथ

ऑस्ट्रेलिया के सरकारी यू गवर्नमेंट सर्वेक्षण के मुताबिक, 77 फीसदी ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के कदम का समर्थन किया।

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय में राजनीति और सार्वजनिक नीति के प्रोफेसर रोड्रिगो प्रेनो के मुताबिक, देश में 2025 की शुरूआत में संघीय चुनाव होने हैं। ऐसे में पीएम एंथनी अल्बनीज सहित संघीय सरकार ने माना कि यह एक ऐसी परेशानी है जिसका पूरे देश के लिए समाधान होना चाहिए।

# नाइजीरिया में नाव डूबने से 27 लोगों की मौत 100 से अधिक लापता, अधिकांश महिलाएं

**नई दिल्ली ।** उत्तरी नाइजीरिया से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आ रही है। जहां शुक्रवार को नाइजर नदी के किनारे एक बड़ा नाव पलटने से 27 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 100 से ज्यादा लोगों के लापता होने की भी खबर सामने आ रही है।



### एनआईडब्ल्यूओए प्रवक्ता ने दी जानकारी

हादसे की खबर फैलते ही बढ़ते भगदड़ के को देखते हुए राष्ट्रीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण (एनआईडब्ल्यूओए) के प्रवक्ता मकामा सुलेमान ने बताया कि नाव में मुख्य रूप से मध्य कोगी राज्य के मीसा समुदाय के व्यापारी सवार थे।


जो पड़ोसी नाइजर राज्य में साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान अभी भी जारी है।

**क्षमता से ज्यादा भरी थी नाव :** हादसे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि नाव में 200 से ज्यादा लोग सवार थे। इससे साफ तौर पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि नाव में क्षमता से ज्यादा यात्री सवार थे। हलांकि इसके अतरिक्त अधिकारियों ने नाव के डूबने के कोई अन्य कारण की पुष्टि नहीं की है।

बता दें कि नाइजीरिया के दूरदराज के इलाकों में भारी भीड़भाड़ और खराब सड़कों के कारण लोगों के पास कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं होता है। इसी कारण वहां के अधिकतर लोग बाजार या फिर कोई अन्य काम के लिए नाव से यात्रा करते है।

# चीनी पत्रकार को जासूसी के आरोप में सात साल जेल की सजा, जापानी राजदूत से मिलते समय हिरासत में लिए गए थे

**बीजिंग ।** चीन में एक पत्रकार को जासूसी के आरोप में सात साल जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी पत्रकार डोंग युयु चीन की सरकारी मीडिया में भी काम कर चुके थे। डोंग के परिजनों ने इसकी पुष्टि की है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोंग युयु 62 साल के हैं और उन्हें दो साल पहले साल 2022 में फरवरी माह में जासूसी के आरोप में हिरासत में लिया गया था, तब से वह जेल में ही हैं। जब पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया था उस समय वह 'गुआंगमिंग डेली' में काम करते थे। एक रेस्तरां में जापानी राजनयिक से मिलते वक्त पुलिस ने उन्हें पकड़ा था। पुलिस ने दावा किया था कि वे उस रेस्तरा में अक्सर अपने 'विदेशी मित्रों' से मिलते रहते थे। पत्रकार के परिजनों ने बताया कि बीजिंग नंबर 2 इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ने जब यह फैसला सुनाया उस वक्त सभी को अदालत से बाहर कर दिया गया था। इतना ही नहीं फैसले की प्रति भी न तो उन्हें और न ही डोंग के वकील को साझा की गई। इसके अलावा, अदालत की वेबसाइट पर भी फैसले को नहीं शेयर किया गया है। डोंग के परिवारीजनों ने यह भी बताया कि फैसले में तत्कालीन जापानी राजदूत हिदेओ तारुमी और शंघाई स्थित मुख्य राजनयिक मासारू ओकाडा को जासूसी संगठन से संबंधित एजेंट बताया गया है।

बता दें कि डोंग गुआंगमिंग डेली के संपादकीय विभाग के काम करते थे। इस अखबार को एक समय में अन्य सरकार समर्थित अखबारों की तुलना में अधिक उदार माना जाता था।

**इस अखबार को एक समय में अन्य सरकार समर्थित अखबारों की तुलना में अधिक उदार माना जाता था। डोंग ने न्यूयॉर्क टाइम्स के चीनी संस्करण में भी काम किया था। अपने लेखों में डोंग ने संवैधानिक लोकतंत्र और राजनीतिक सुधार के लिए अपना समर्थन जताया था**

# थैंक्सगिविंग डे पर डोनाल्ड ट्रंप बने डीजे, गाना बजाकर अतिथियों को किया मंत्रमुग्ध; मस्क के साथ झूमते दिखे

**वॉशिंगटन ।** संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे प्रिय छुट्टियों में से एक है थैंक्सगिविंग डे। इस साल यह 28 नवंबर यानि गुरुवार को मनाया गया। हर तरफ एक अलग ही उत्साह भरा माहौल देखने को मिला। इतना ही नहीं, इस खास दिन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी एक अलग रंग में दिखे। दरअसल, ट्रंप के फ्लॉरिडा स्थित मार-ए-लागो रिजॉर्ट में थैंक्सगिविंग मनाया गया।



यहां वह कभी डीजे बनते तो कभी गानों पर झूमते नजर आए। सैकड़ों लोग शामिल हुए मार-ए-लागो क्लब डिनर में आयोजित कार्यक्रम में रॉकी फिल्म के लिए जाने वाले अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन, फुटबॉल मास्टरमाइंड बिल बेलिचिक और अरबपति एलन मस्क समेत 300 से अधिक लोग शामिल हुए। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप बड़े उत्साहित नजर आए। उन्होंने लोगों के लिए वाईएमसीए, एल्विस और फैंटम ऑफ द ओपेरा जैसे हिट गानों को बजाकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### पिछले ही महीने मिली थी राष्ट्रपति चुनाव में जीत

गौरतलब है, पिछले महीने ही डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव में एक बड़ी कामयाबी मिली थी। वह कहीं न कहीं अपनी इस कामयाबी का जश्न मनाने दिखे।

उनकी इस जीत ने थैंक्सगिविंग कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उन्होंने अपने सबसे बड़े अभियान दाताओं और समर्थकों के लिए डीजे की भूमिका निभाई। ट्रंप की पत्नी मेलानिया भी मौजूद रहीं, जो बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। इसके अलावा उनके बेटे बैरन, उनके भाई-बहन एरिक और टिफनी भी कार्यक्रम का हिस्सा बने।

शाम को शुरू हुई मस्तीसमारोह में मस्ती शाम पौने सात बजे शुरू हुई, जब ट्रंप और उनका परिवार पहुंचा। थोड़ी देर बाद ही करीब आठ बजे स्टेलोन ने भी एंट्री ली। फिर क्या था मार ए लागो में एक अलग ही खुशी की लहर थी। इसके अलावा, 72 वर्षीय पूर्व पैट्रियट्स कोच बिल बेलिचिक अपनी 24 वर्षीय युवा गर्लफ्रेंड जॉर्डन हडसन के साथ पहुंचे। डोनाल्ड ट्रंप और मस्क का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों गाने पर झूमते नजर आ रहे हैं।

# आनन-फानन में डोनाल्ड ट्रंप के घर रवाना हुए कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो, जानें किस चेतावनी से घबराए

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक बड़ा एलान किया। उनकी घोषणा से कनाडा और मैक्सिको की नींद उड़ गई। आनन-फानन में कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ट्रंप से मिलने पहुंच गए।



दरअसल, ट्रंप ने कहा था कि वह जनवरी में कार्यभार संभालने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 फीसदी आयात शुल्क लगाया जाएगा। उनका कहना है कि वो ऐसा तब तक करेंगे जब तक ये देश अपने अमेरिका में अवैध अप्रवासियों और फेंटेनाइल दवाओं के प्रवाह को बंद नहीं करते।

ट्रंप अमेरिका को ग्रेट अगेन बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। इसके लिए वह सत्ता हस्तांतरण से पहले ही तैयारी में लगे हुए हैं। उनके प्लान में कनाडा और मैक्सिको से ड्रग्स की सप्लाई और अवैध प्रवासियों को रोकना भी शामिल है। इसी को लेकर ट्रंप ने 25 फीसदी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इस चेतावनी के बाद कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि 'वह (ट्रंप) जो कहते हैं, वो करते हैं' और आनन-फानन में सीधे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति से मिलने पहुंच गए। रात में भोजन किया साथ कनाडा के प्रधानमंत्री अपने पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर के साथ अमेरिका के फ्लोरिडा पहुंचे।

# स्ट्रीटलाइट की रोशनी से बनीं आसमान से उतरते खंभों जैसी आकृति, जानें कहां दिखा अद्भुत नजारा

**ओटावा ।** कनाडा के सेंट्रल अल्बर्टा में स्थानीय नागरिकों ने एक बहुत ही अद्भुत दृश्य का अनुभव किया। दरअसल, कुछ प्रकाश के स्तंभों से रात को रौशन कर दिया। इन झिलमिलाती किरणों को अकसर असाधारण गतिविधि समझा जाता है, लेकिन यह वास्तव में बदलते मौसम के कारण बनने वाली एक आकर्षक प्राकृतिक ऑप्टिकल भ्रम है। प्रकाश स्तंभ तब बनता है जब स्ट्रीटलाइट और बिल्डिंग लाइट वायुमंडल में छोटे हेक्सागोनल बर्फ के टुकड़ों से टकराते हैं। ये बर्फ के क्रिस्टल जमीन पर दर्पण की तरह काम करते हैं।



कनाडा के सेंट्रल अल्बर्टा में स्थानीय नागरिकों ने एक बहुत ही अद्भुत दृश्य का अनुभव किया

यह एक ऑप्टिकल भ्रम है, जहां प्रकाश की किरणें आसमान में ऊंची उड़ान भरती हुई दिखती है, जिससे एक झिलमिलाता हुआ अलौकिक प्रदर्शन का अनुभव होता है। इन प्रकाश स्तंभों का स्वरुप रहस्यमय लगता है, लेकिन इसका असाधारण गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है। इसका अनुभव अकसर सर्दी के मौसम में ही होता है, जब तापमान ने तेजी से नीचे गिरने लगता है। कनाडा, रूस और स्कैंडिनेविया के कुछ स्थानों में इसका अनुभव किया गया है।

# इस्राइली हमले में 40 फलस्तीनी नागरिकों की मौत

## स्वास्थ्य विभाग ने की पुष्टि

**काहिरा ।** इस्राइली सैन्य हमलों में गाजा पट्टी में 40 फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। इनमें से अधिकांश नुसेरात शिविर में रहने वाले थे। फलस्तीनी स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि 19 शव बरामद कर लिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि इस्राइली सेना गुरुवार देर रात से हमला कर रही है। शुक्रवार को भी गाजा के पश्चिमी क्षेत्र में कुछ इस्राइली टैंकों को सक्रिय देखा गया। दूसरी तरफ, अमेरिका ने एक बार फिर कहा कि वह युद्ध विराम के लिए दोबारा प्रयास करेंगे।



फलस्तीनी नागरिक आपातकालीन सेवा ने कहा कि उनकी टीम अपने घरों में फंसे निवासियों की मदद करने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। सड़क पर पड़े शवों को कंबल या सफेद कफन से ढक कर स्ट्रेचर से लाया जा रहा है। इसके साथ ही कमल अदवान अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि इस्राइली हमले में कमल अदवान अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई के प्रमुख अहमद अल-कहलौत की मौत हो गई। चिकित्सा अधिकारियों ने कि अल-कहलौत की मौत अस्पताल के गेट से गुजरते समय ड्रोन से दागी गई मिसाइल से हुई।


गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सप्ताह की शुरूआत में अस्पताल के निदेशक और 12 अन्य चिकित्सक कर्मियों की मौत हो चुकी है। फिलहाल इस्राइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। कमाल अदवान अस्पताल गाजा पट्टी के उत्तरी छोर पर स्थित तीन प्रमुख अस्पतालों में से एक है, जो अब चिकित्सा, ईंधन और खाद्य आपूर्ति की कमी के कारण मुश्किल से जूझ रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इसके अधिकांश चिकित्सा कर्मचारियों को या तो हिरासत में ले लिया गया है या इस्राइली सेना ने उन्हें निकाल दिया है।

**गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सप्ताह की शुरूआत में अस्पताल के निदेशक और 12 अन्य चिकित्सक कर्मियों की मौत हो चुकी है। फिलहाल इस्राइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है**

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# पवनीश सिसोदिया का शुभ विवाह प्रगति राघव के साथ धूमधाम से हुआ सम्पन्न





गाजियाबाद करंट क्राइम। अशोक सिसोदिया ऊषा रानी के सुपुत्र तथा दैनिक करंट क्राइम के लेखा अधिकारी मनीष सिसोदिया के भाई पवनीश सिसोदिया का शुभ विवाह मनोज राघव प्रतिमा राघव की सुपुत्री प्रगति राघव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आर्शीवाद शुभाशीष प्रदान किया।

# वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने परिवार के साथ मनाया जन्मदिन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने परिवार एवं ऑफिस स्टाफ के साथ धूमधाम से मनाया जन्मदिन। इस मौके पर रतन सिंह यादव, पूनम यादव, प्रियंका यादव, कुनाल यादव, सोम यादव, बसु यादव, मिलिंद यादव, अविनाशी यादव, अद्वित्य यादव, ऑफिस स्टाफ में डॉ. राजवीर सिंह, सनी सैनी, नीरज वर्मा, आकाश चौधरी, अमित, आकाश, राजेश, नूतन आदि लोग मौजूद रहे।

# पार्षद कृष्ण मोहन खेमका ने किया हाई मास्क लाइटों का उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 94 सूर्यनगर में शनिवार को दो हाई मास्क लाइटों का पार्षद कृष्ण मोहन खेमका ने उद्घाटन किया। पार्षद ने बताया कि वार्ड में दो हाई मास्क लाइटें लगवाई गई। जिसका उद्घाटन किया गया है, क्षेत्र की जनता को अंधकार से निकलकर प्रकाश की ओर ले जाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि एक हाई मास्क लाइट सूर्यनगर चंदननगर चौराहा पर वही दूसरी हाई मास्क विवेक विहार से सूर्यनगर की ओर मुख्य द्वार पर लगाई गई है। उन्होंने कहा कि ये पहली बार है कि बीच सड़क के दोनों वार्डो में काम हुआ है। वही इन दोनों हाई मास्क लाइटों पर तिरंगा लाइट भी लगाई जाएगी, इसके लिए निगम के अधिकारियों से वार्ता चल रही है।

कोशिश की जा रही है कि अगले सप्ताह यह काम भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे न केवल वार्ड की सड़कें रोशन हुई। बल्कि इनसे सौंदर्य भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वार्ड में जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं, उन सभी विकास कार्यों को तेजी के साथ पूरा किया जाएगा। किसी भी योजना को बीच में रुकने नहीं दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकारणी सदस्य बॉबी त्यागी, कमल चन्द, इंद्रपाल, बड़ा मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

# गाजियाबाद विधायक बनने पर संजीव शर्मा को दी बधाई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक संजीव शर्मा द्वारा लखनऊ में शपथ लिए जाने के उपरांत गाजियाबाद पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग के महानगर संयोजक अमित प्रताप सिंह द्वारा नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा को उनके आवास पर जाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उनके साथ विभाग के महानगर सहसंयोजक नरेंद्र त्यागी एवं डॉ. सौरभ गोस्वामी के साथ-साथ बड़ी संख्या में विजयनगर प्रताप विहार क्षेत्र के उनके सहयोगी एवं समर्थन उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से चमन गोस्वामी, सूरज सिंह, जयदेव, कुलदीप सिंह, अखंड प्रताप, राजकुमार गौतम, अंकित ,मामराज ,सचिन सक्सेना, गोपाल सक्सेना, हेमंत, कुलदीप चौधरी ,पार्थ यादव आदि उपस्थित रहे।

# वार्ड 97 में विकास के नए आयाम स्थापित करना ही एकमात्र लक्ष्य: श्रीभगवान अग्रवाल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के वार्ड नम्बर 97 के लोगों ने अपने सहयोग व समर्थन से पार्षद बनाया है, जिससे वह लगातार वार्ड के लोगों की समस्याओं का समाधान करने तथा विकास कार्य करवाने के लिए काम कर रहे हैं। उनका तो वार्ड में विकास के नए आयाम स्थापित करने और वार्ड वासियों को नई नई सहूलियत उपलब्ध करवाना ही एकमात्र लक्ष्य है। यह बात वार्ड पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने बताया कि रामप्रस्थ व चंद्र नगर में विकास कार्य करवाने तथा की समस्याओं का समाधान करने के लिए महापौर व नगरायुक्त से वार्ड के लिए ओर भी विकास के काम होने के लिए पत्र दिया है।

पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा कि वह लोगों के सहयोग एवं उनकी डिमांड के हिसाब से वार्ड में विकास कार्य करवाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह केवल यही चाहते हैं कि उनके वार्ड के लोगों को किसी तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने कहा कि वार्ड में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं, लेकिन विकास कार्यो की झडी लगाने का प्रयास भी किया जा रहा है, ताकि उनके वार्ड को विकास के मामले में एक नई व अलग पहचान मिल सके।

उधर पार्षद द्वारा लगातार वार्ड के लिए किए जा रहे बेहतरिन कार्यो को लेकर वार्ड के अधित्तर लोग भी उनके कार्यो की सराहना करते हुए पार्षद की प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल वार्ड की दिशा व दशा बदलने और लोगों को एक सुन्दर व समस्या मुक्त वार्ड देने के लिए कार्य कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि रामप्रस्थ सहयोग पार्क में ओपन जिम लगवाया वही 10 एचपी का पंप व फुटपाथ का काम कराया जा रहा है। वही शहीद भगत सिंह पार्क में 3 एचपी का पंप के साथ सदानंद पार्क में भी 3 एचपी का पंप लगाया गया। जिससे पौधों की सिंचाई हो सके, पार्षद ने कहा कि रामप्रस्थ के ए ब्लॉक में हाई मास्क लाइट व चंदन नगर गेट नंबर 2 व 4 पर भी हाई मार्क्स लाइट लगाई गई है नगर निगम द्वारा जो 50 लाइट दी गई थी, वह भी वार्ड में लगाई गई है। जिसके लगने से चारों तरफ उजाला ही नजर आता है, वही देवी का टावर के दोनों और नई सड़क बनाई गई है। रामपुर के ए ब्लॉक पानी की टंकी तक डेढ़ करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराया। वहीं वार्ड में 4 करोड़ की लागत से पानी की लाइन भी डाली गई है। जिसे क्षेत्र के लोगों को पानी मिल सकें।

# व्यापारी नेता पर दर्ज मुकदमा पाया गया झूठा, जांच के बाद हुआ खारिज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संदीप बंसल ने प्रेसवार्ता कर बताया कि व्यापारी नेता गोपीचंद द्वारा मुझ पर और मेरे भाइयों पर गलत नीयत से परेशान करने के लिए झूठे मुकदमे में फंसाया गया। जिसमें हमारे ऊपर लूट जानलेवा हमले जैसे संगीन अपराध जिनकी 323, 504, 506, 427, 307, 394 धाराओं में हमारे ऊपर मुकदमा दर्ज कराया। संदीप बंसल ने कहा कि हम चार भाई हैं और हम पर मुकदमा दर्ज कराने वाले व्यापारी नेता गोपीचंद रिश्ते में हमारे मामा लगते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले गोपीचंद ने मेरे तथा मेरे भाई के खिलाफ तहरीर दी और पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में जब पुलिस ने जांच की तो पूरा मामला झूठा पाया गया और पुलिस ने इस आधार पर एफआईआर निरस्त की। इसके बाद भी गोपीचंद ने कोर्ट में याचिका दायर कर हमारे खिलाफ फिर से मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में मेरे निर्दोश भाईयों का भी नाम लिखवाया गया। कोर्ट के आदेश पर दर्ज मुकदमे में दर्ज जब फिर से जांच हुई तो हम सब निर्दोश पाये गये हैं और इस आधार पर यह मुकदमा निरस्त किया गया।

पुलिस ने जब इस मामले में जांच की तो गोपीचंद की लोकेशन भी अपने घर की पाई गई और हमारी लोकेशन भी अपने घर की मिली। संदीप बंसल ने इस मुकदमे के कारण को बताते हुए कहा कि वर्ष 2008 में हमारा बंटवारा हो गया था। लेकिन गोपीचंद की नीयत में खोट आ गया और उन्होंने हम पर दबाव बनाने के लिए कभी फूड विभाग तो कभी जीएसटी में हमारी शिकायत की। हम हर जांच में निर्दोश मिले। मैं जांच एजेंसियों का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच की जिससे हमें न्याय मिल सका।

# भाजपा की संगठन पर्व बैठक में पूर्व जनप्रतिनिधियों ने रखे अपने विचार






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आईटीएस कॉलेज में भाजपा की संगठन पर्व बैठक का आयोजन किया गया। ये बैठक संगठन चुनावों से ठीक पहले हुई है और इस बैठक में कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में भाजपा की विचारधारा और भाजपा की कार्यप्रणाली पर सभी ने प्रकाश डाला। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, क्षेत्रीय मंत्री अजय शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, प्रदीप चौधरी, बॉबी त्यागी, इंदु जौहरी, संजय रावत, धीरज शर्मा, संजीव झा, संदीप त्यागी, चमन चौहान, संजीव चौधरी, गुंजन शर्मा, कुलदीप त्यागी, विनय चौधरी, संजय कांत शर्मा, बीएल गौतम, सुरेन्द्र नागर, सुनील यादव, उदिता त्यागी, अनिता शर्मा, मोनिका पण्डिता, प्रियंका प्रियदर्शनी, प्रतीक माथुर, सचिन डेढ़ा, पंकज भारद्वाज, मनोज यादव सहित सभी मंडल अध्यक्ष प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दिव्यांगों के लिए एनसीआरटीसी ने बढ़ाए हाथ: 130 दिव्यांगों को स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र और बैसाखी मिलीं तो चेहरे खिल उठे




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एनसीआरटीसी ने दिल्ली - गाजियाबाद -मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के आसपास रहने वाले दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण अभियान की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य उन्हें जीवन में खुशिया लाना है, जिससे वह अपनी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होगी। यह अभियान जापान फंड फॉर प्रॉस्परस एंड रेसिलिएंट एशिया एंड द पैसिफिक के तहत एशियाई विकास बैंक के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### आज से अभियान की शुरूआत की गई

यह कार्यक्रम गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर आयोजित किया गया, जहां एनसीआरटीसी की निदेशक वित्त नमिता मेहरोत्रा और निदेशक सिस्टम एंड ऑपरेशन नवनीत कौशिक ने लगभग 130 दिव्यांगों को स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र और बैसाखी बांटी। इन सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक सर्वेक्षण के माध्यम से इन सहायक उपकरण चुना गया, ताकि इन लाभार्थियों के लिए सबसे उपयुक्त सहायता सुनिश्चित की जा सके।

### रोजगार के लिए मदद की जाएगी

इन दिव्यांगजनों के लिए यह नई पहल है। बल्कि सशक्तिकरण और रोजगार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह कार्यक्रम दिव्यांगजनों को आसानी से जीवन यापन करने और आवागमन में आसानी से आगे बढ़ाने में सहायता कर रहा है, जो इन लोगों को समाज और रोजगार में अधिक सक्रिय रूप से शामिल होने में सक्षम बनाएगा। एनसीआरटीसी आरआर टीएस स्टेशनों और नमो भारत ट्रेन सेवाओं को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सहायक उपकरण अधिक गतिशीलता, पहुंचा और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देकर दिव्यांगजनों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेंगे।

# यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को दी ट्रेनिंग

## डॉ. लियू ने रोबोटिक सर्जरी के अनुभव भी शेयर किए




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में अमेरिका के मशहूर सर्जन और रोबोटिक कॉम्प्लेक्स हर्निया रिपेयर के विशेषज्ञ डॉ. रॉकसन लियू ने दौरा किया। हॉस्पिटल की सर्जरी टीम ने उन्नत रोबोटिक सर्जरी तकनीकों के बारे में न केवल जानकारी हासिल की, बल्कि लाइव सर्जरी के जरिए इनका प्रशिक्षण भी लिया।

डॉ. लियू ने ऑपरेशन थिएटर में करीब 6 घंटे बिताए। इस दौरान उन्होंने रोबोटिक हर्निया रिपेयर के उन्नत तरीकों को साझा किया। उन्होंने बताया, 'रोबोटिक सर्जरी तकनीक से न केवल सर्जरी के परिणाम बेहतर होते हैं, बल्कि मरीज जल्दी स्वस्थ होते हैं। यह तकनीक जटिल मामलों को भी सरल बना देती है।' डॉ. लियू ने अपनी सर्जिकल यात्रा साझा करते हुए कहा कि 2014 से अब तक वे 1,250 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी कर चुके हैं और दुनियाभर में 200 से अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित कर चुके हैं। इस दौरान अस्पताल में एक विशेष सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जहां डॉ. लियू ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी डॉक्टरों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा, 'इस तकनीक से मरीजों को बेहतर उपचार मिलता है और डॉक्टरों को जटिल सर्जरी को अधिक सटीक तरीके से अंजाम देने का अवसर मिलता है।'

सेमिनार का उद्देश्य अस्पताल के रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञों को इंट्यूटिव दा विंची रोबोट का उपयोग करते हुए रोबोटिक सर्जरी में नवीनतम प्रगति की ट्रेनिंग देना था। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी के एमडी पीएन अरोड़ा ने कहा कि डॉ. रॉकसन लियू का यहां आना और हमारे डॉक्टरों को नई तकनीकों का प्रशिक्षण देना हमारे लिए गौरव की बात है। पिछले 18 महीनों से हम रोबोटिक सर्जरी कर रहे हैं और डॉ. लियू के अनुभवों से हमारी टीम को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. वैभव सक्सेना, डॉ. कुलदीप अग्रवाल, डॉ. दीपा, डॉ. पी. के. सिन्हा, डॉ. जे. एस. लांबा, और डॉ. सीमा सिंह डॉ. सुधीर त्यागी और डॉ. वी. एस. पांडे आदि डॉक्टर मौजूद रहे। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी के एमडी पीएन अरोड़ा ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा से मरीजों को बेहतर सुविधाएं देना रहा है और रोबोटिक सर्जरी इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। यशोदा अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी तकनीक के विस्तार के साथ, यह कार्यक्रम मरीजों के लिए तेज और उन्नत इलाज के दरवाजे खोलता है।

# जयमाला और फेरों के समय नशा करता मिला दूल्हा, दुल्हन ने तोड़ी शादी

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** होने वाले पति को जब शादी के दिन ही रस्में छोड़कर चोरी छिपे नशा करते पकड़ा तो दुल्हन ने बेबाक होते हुए शादी से इन्कार कर दिया। परिवार ने भी बेटी का साथ दिया और शादी को तोड़ दिया। आरोप है कि इस पर दूल्हा, उसके भाई और बहन ने दुल्हन की मां व अन्य लोगों से हाथापाई कर डाली। डायल 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद को शांत कराया। इसके बाद दुल्हन की मां ने होने वाले दूल्हा, उसके भाई, बहन और चाचा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए शादी तय होने से लेकर बारात के दिन तक खर्च हुई रकम को वापस दिलाने की मांग की है। दहेज की मांग पर शादी तोड़ देने के मामले कई बार सामने आ चुके हैं। इस बार टीएचए के टीला मोड़ इलाके में दूल्हे के नशा करते हुए पकड़े जाने पर शादी टूटने का मामला सामने आया है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

सुनील शर्मा विधायक
22h · Adam Griffith ·

Sunil Kumar Sharma ❤❤
Team Sunil Sharma 🔥🔥



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये अंदाज है कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का। इस पोस्ट में उन्होंने लफ्जों में कुछ नहीं कहा और लहजे से सब कुछ कह दिया। समर्थकों ने, शुभ चिंतकों ने, दल वालो ने अपने प्रिय विधायक नंबर वन सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के पोस्ट को जबरदस्त समर्थन दिया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।